नई दिल्ली
सोमवार, 29 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 27, अंक : 294
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 20.5
न्यून. 5.3

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### पीएम मोदी आज करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' करेंगे। चर्चा से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है। जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा, परीक्षा पे चर्चा' का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं।

## संसद में प्रवेश के नियम हुए सख्त

# हर विजिटर को मिलेगा क्यूआर कोड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के नई संसद भवन की सुरक्षा को लेकर सरकार ने कुछ नए कदम उठाए हैं। इससे संसद में सांसदों, अधिकारियों और कर्मचारियों को छोड़कर अन्य सभी लोगों के लिए चेकिंग रूल और सख्त हो जाएंगे। अब दर्शक दीर्घा में जाने के लिए आसानी से अनुमति नहीं मिल पाएगी।

नए नियम में संसद की दर्शक दीर्घा में प्रवेश के लिए लोगों को सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। अगर आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है तो आवेदक के मोबाइल नंबर पर एक क्यूआर कोड भेजा जाएगा। इस क्यूआर कोड का प्रिंट निकालकर तय समय पर आवेदक को संसद भवन पहुंचना होगा। इसके साथ उनके पास आधार कार्ड भी होना चाहिए। संसद भवन की एंट्री प्वॉइंट पर क्यूआर कोड को दिखाकर उसका एप्रूवल लेना होगा। एप्रूवल लेने के बाद रिसेप्शन पर आवेदक का बॉयोमीट्रिक किया जाएगा और फोटो भी लिया जाएगा। इतना होने के बाद उनको एक स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। स्मार्ट कार्ड लेकर दर्शक दीर्घा के एंट्री प्वॉइंट पर मेट्रो की तरह टैप करना होगा। इसके बाद ही गेट खुलेगा और वह अंदर जा सकेंगे। वापसी में उन्हें स्मार्ट कार्ड वापस करना होगा। किसी वजह से स्मार्ट कार्ड नहीं वापस करने और भूल जाने पर आवेदक ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। इसके बाद वह दोबारा कभी संसद भवन में प्रवेश नहीं कर सकेगा। नई व्यवस्था में सांसदों से कहा गया है कि वे विजिटर्स पास के लिए तीन दिन पहले अप्लाई करें। इससे पुलिस वेरिफिकेशन कराने में आसानी होगी। बजट सत्र में भी 31 जनवरी शाम चार बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### ऑनलाइन करने होंगे आवेदन



### संसद में घुसकर दो युवकों ने उड़ाया था पीला धुआं

*संसद पर 13 दिसंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई थी। उस दिन दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से गर्भगृह में कूद गए और केन से पीला धुआं छोड़ते हुए नारे लगाने लगे थे। आरोपियों को बाद में सांसदों ने पकड़ लिया था। लगभग उसी समय दो अन्य लोगों ने संसद परिसर के बाहर नारे लगाते हुए केन से रंगीन धुआं भी छोड़ा था।*

## स्टाफ को संसद में फोटो वीडियो नहीं लेने के निर्देश

पार्लियामेंट स्टाफ को संसद भवन परिसर के अंदर तस्वीरें क्लिक करने और वीडियो बनाने के खिलाफ चेतावनी दी गई है। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत तस्वीरें क्लिक करने और वीडियो बनाने की अनुमति नहीं हैं। संसद भवन के कार्यवाहक संयुक्त सचिव (सुरक्षा) ने एक सर्कुलर जारी किया है इसमें कहा गया है कि बार-बार निर्देश के बावजूद, कुछ अधिकारी प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। 19 जनवरी को जारी सर्कुलर में कहा गया है कि सुरक्षा के एक पार्ट के रूप में, संसद भवन परिसर में फोटोग्राफी/वीडियो शूटिंग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### सीआईएसएफ के जिम्मे सुरक्षा

संसद भवन की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तैनाती कर दी गई है। सीआईएसएफ के 140 कर्मियों वाली टुकड़ी अब संसद की कार्रवाई देखने आने वाले दर्शकों और उनके सामान की तलाशी लेगी। जानकारी के मुताबिक सीआईएसएफ संसद भवन आने वालों और उनके सामान की जांच एक्स-रे मशीनों, हाथ से पकड़े जाने वाले डिटेक्टरों से करेगी। यहां तक कि जूते को भी स्कैन किया जाएगा। भारी जैकेट और बेल्ट को एक ट्रे पर रखकर एक्स-रे स्कैनर से गुजारा जाएगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## बिहार में सरकार नई लेकिन चेहरा वही

## करीब 17 महीने बाद बिहार में फिर लौटी एनडीए की सरकार, राजद का 'सरेंडर'

# ये नीतीश ही कर सकते हैं...सुबह इस्तीफा ठीक छह घंटे बाद फिर बन गए मुख्यमंत्री



**नीतीश का तर्क**
महागठबंधन में ठीक नहीं चल रहा था। काम करने में परेशानी आ रही थी। इसलिए, पुराने गठबंधन को फिर से चुनना पड़ा।

*नीतीश अब फिर से एनडीए के कुनबे में आ गए हैं। अब भले ही उनको राजनीति में सर्वाधिक पाला बदलने वाला कहा जाए पर राजनीति में अपना अस्तित्व सुरक्षित करना सबसे बड़ा दांव होता है। नीतीश ने वही किया। लोकसभा चुनाव इस दांव का लिटमस टेस्ट होगा।*

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

भारतीय राजनीति में वैसे भी यह नीतीश कुमार के बस का ही है। वही ऐसा करिश्मा लगातार कर सकते हैं। रविवार को उन्होंने 4 साल के दौरान तीसरी बार और अब तक कुल नौंवी बार सीएम पद की शपथ ली। इस बार उनका तर्क था कि महागठबंधन में ठीक नहीं चल रहा था।

काम करने में परेशानी आ रही थी। इसलिए, पुराने गठबंधन को फिर से चुनना पड़ा। खास बात यह है कि नीतीश ने संजय झा के जरिए लगभग डेढ़ महीने पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को महागठबंधन से निकलने और एनडीए में शामिल होने की इच्छा का संदेशा भिजवाया ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सुबह** पार्टी बैठक के बाद राज्यपाल को नीतीश ने सौंप दिया था इस्तीफा

**दोपहर** बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पटना आए और उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की

*ये है कुल 27 : (4 फीसदी पिछड़ा व 3% कोइरी, नीतीश कुर्मी समाज से आते हैं, उनका वोट प्रतिशत करीब 20 फीसदी है। ) प्रतिशत वोटों का कांबिनेशन।*



**उपमुख्यमंत्री**



1. सम्राट चौधरी (भाजपा): कोइरी



2. विजय सिन्हा (भाजपा): भूमिहार

**कैबिनेट मंत्री**
3. डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा): अति पिछड़ा जाति (कहार)
4. विजेंद्र प्रसाद यादव (जदयू): यादव पिछड़ा वर्ग
5. श्रवण कुमार (जदयू): कुर्मी
6. विजय कुमार चौधरी (जदयू): भूमिहार
7. संतोष कुमार सुमन (हम): महादलित
8. सुमित सिंह (निर्दलीय): राजपूत

### नीतीश ने कहा-हमने सबसे राय लेकर सरकार को समाप्त किया

नीतीश कुमार ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि यह स्थिति इसलिए आई क्योंकि सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था। मैं सभी से राय ले रहा था। मैंने उन सभी की बात सुनी। रविवार को हमने इस्तीफा दे दिया और सरकार को समाप्त कर दिया है। नीतीश के इस्तीफे के बाद भाजपा नेता गिरिराज सिंह का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को मैं धन्यवाद देता हूं कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ये कुछ बयान पढ़िएगा...

▶▶ **तेजस्वी बोले- खेल अभी बाकी है, 2024 में खत्म हो जाएगी जेडीयू:** राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा- मैं एक बात स्पष्ट रूप से कह दूं अभी खेल शुरु हुआ है, अभी खेल बाकी है। मैं जो कहता हूं वह करता हूं, आप लिखकर ले लीजिए जेडीयू पार्टी 2024 में ही खत्म हो जाएगी।

▶▶ **कांग्रेस ने कहा-नीतीश गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं :** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राजस्थान व मप्र के बीच तीनों नदियों के जल बंटवारे को लेकर सहमति बनी, अंतिम निर्णय केंद्र सरकार के साथ चर्चा के बाद हुआ



## दोनों राज्यों के लोगों को पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों के पानी का 'भरपूर लाभ' मिलेगा

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मोदी राज्यों के परस्पर सहयोग पर जोर देते हैं। उनके नेतृत्व में और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सहयोग से राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ रविवार को चर्चा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इससे दोनों राज्यों के लाखों किसानों का जीवन बदलेगा।

**केंद्रीय जल शक्ति मंत्री की उपस्थिति में सीएम डॉ. यादव और राजस्थान के सीएम शर्मा के बीच दिल्ली में इस परियोजना के लिए एमओयू हुआ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र व राजस्थान के बीच वर्षों से चली आ रही नदी जल बंटवारे विवाद पर सहमति बन गई है। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इस मुद्दे को लेकर जयपुर पहुंचे थे। उनकी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के बीच काफी देर तक चर्चा हुई। इस चर्चा में सहमति बनी। मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच रविवार को श्रमशक्ति भवन स्थित जल शक्ति मंत्रालय के कार्यालय में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना के त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री मंत्री गजेंद्र सिंह ▶▶ शेष पेज 5 पर

दो दशकों से लंबित परियोजना अब मूर्त रूप ले सकेगी

### चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को लाभ : डॉ. यादव

समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगभग दो दशकों से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना अब मूर्त रूप ले सकेगी। इस परियोजना से मप्र के चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को लाभ पहुंचेगा। प्रदेश के ड्राई बेल्ट वाले जिलों जैसे मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, भिंड और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### 50 उड़ानें लेट, 2 दिन बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा। इसके चलते 50 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। हालांकि, आठ बजे के बाद कोहरा साफ होने लगा और हल्की धूप निकलने लगी। आसमान में बादलों की आवाजाही से धूप गायब रही। इसके चलते कड़ाके की सर्दियां फिर से वापस लौट आई हैं।

### जिंदा जल गए पति पत्नी और तीन बच्चे



**बरेली।** फरीदपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों की घर में लगी आग में जिंदा झुलसकर मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी है। पुलिस के अनुसार अजय गुप्ता उर्फ टिंकल हलवाई थे एक रिश्तेदार के मकान में किराए पर रहते थे। सभी लोग एक ही कमरे में सोए थे। पड़ोसियों ने घर से धुआं देखा तो पुलिस को सूचना दी।

### गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का भूकंप



**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार शाम 4.0 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ के निकट स्थित था। भूकंप के झटके रविवार शाम चार बजकर 45 मिनट पर महसूस किये गये और भूकंप का केंद्र भचाऊ से लगभग 21 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। जानकारी के अनुसार जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

### पत्रकारों से कहा- 'इंडी गठबंधन' नहीं चलेगा

## मंत्री अठावले का दावा: शिवराज लोकसभा लड़ेंगे और सांसद बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ भाजपा में नए लोगों को भी मौका देने का प्रयोग

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने दावा किया कि शिवराज सिंह चौहान लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और हर हाल में सांसद बनेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे चौहान को 1998 से ही जानते हैं। उस समय मैं भी सांसद बना था और वे भी चुनकर आए थे। जहां तक इस बार मुख्यमंत्री नहीं बनने की बात है तो यह भाजपा की अपनी रणनीति है। भाजपा हमेशा नए लोगों को मौका देती है। केंद्रीय राज्य मंत्री आठवले रविवार को भोपाल ▶▶ शेष पेज 5 पर



### कहा - मेरे चुनाव लड़ने पर पार्टी करेगी विचार

## दिग्विजय सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ बोले- मैं राज्यसभा का सदस्य, अभी सवा दो साल मेरे पास

कांग्रेस सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। राजगढ़ के खिलचीपुर में मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरे चुनाव लड़ने का प्रश्न इसलिए नहीं आता क्योंकि मैं राज्यसभा का सदस्य हूं। अभी सवा दो साल मेरे पास हैं। ऐसे में राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस का उम्मीदवार कौन होगा? इसके जवाब में पूर्व सीएम ने कहा कि ये पार्टी तय करेगी। बता दें कि साल 2003 के विधानसभा चुनाव में करारी हार के ▶▶ शेष पेज 5 पर



### यूजीसी के दिशा-निर्देश

## आरक्षित पदों पर उम्मीदवार नहीं तो हटाया जा सकता है आरक्षण!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ रिक्त पदों पर भर्ती के लिए यूजीसी के नए मसौदा में दिए सुझाव

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए मसौदा दिशानिर्देशों में सुझाव दिया गया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए मसौदा दिशानिर्देशों में यह जानकारी दी गई है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश' हितधारकों की आपत्ति और सुझाव के खातिर सार्वजनिक किए गए हैं। मसौदा दिशा-निर्देश में कहा गया, अनुसूचित ▶▶ शेष पेज 5 पर




### ग्रुप ए के लिए ही आरक्षण रद्द का प्रस्ताव

मसौदे के अनुसार, चूंकि समूह 'ए' सेवा में कोई रिक्ति सार्वजनिक हित में खाली नहीं छोड़ी जा सकती, ऐसे में इस तरह के दुर्लभ और असाधारण मामलों में संबंधित विश्वविद्यालय रिक्ति के आरक्षण को रद्द करने का प्रस्ताव तैयार कर सकता है। अपने प्रस्ताव में उसे बताना होगा कि पद भरने के लिए कितनी बार प्रयास किए गए, रिक्तियों को क्यों खाली नहीं रखा जा सकता और आरक्षण रद्द करने का औचित्य क्या है।

### घाटी में बर्फबारी...

**श्रीनगर।** ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बादल छाए रहने के कारण रविवार को कश्मीर के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से ऊपर पहुंच गया। गुलमर्ग, तंगमर्ग, गुरेज, सोनमर्ग और कुपवाड़ा जिले के कई इलाकों में बर्फबारी हुई है। श्रीनगर सहित कश्मीर के मैदानी इलाकों में आसमान में बादल छाए हुए हैं, जिससे बारिश या बर्फबारी होने की संभावना का संकेत मिलता है। बादल छाए रहने के कारण रात के तापमान में काफी वृद्धि हुई है। श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात की तुलना में पांच डिग्री से अधिक की वृद्धि है।





■ मैदानी इलाकों में छाए रहे बादल

■ 40 दिनों की चिल्लई कलां

## फोर्ब्स ने जारी की सूची, पलट गई बाजी

# मस्क से छीना ताज, बर्नार्ड अब सबसे अमीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फोर्ब्स ने वर्तमान समय के अरबपतियों की सूची जारी की है। लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, वैश्विक लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के सीईओ अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 23.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद 207.8 बिलियन डॉलर हो गई। वहीं मस्क के 204.5 बिलियन डॉलर से अधिक है।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 25 जनवरी को टेस्ला को शेयर बाजार से झटका लगा, जिसके चलते उनकी संपत्ति में 13 फीसदी की गिरावट आई। जिसके कारण मस्क की कुल संपत्ति 18 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा कम हो गई है। वहीं दूसरी ओर, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2.9 अरब डॉलर का फासला

फोर्ब्स बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, दोनों अरबपतियों के बीच 2.9 अरब डॉलर का फासला हो गया है। बर्नार्ड अर्नाल्ट की नेटवर्थ 207.6 अरब डॉलर पर पहुंच चुकी है। इनकी संपत्ति में एक झटके में 18.6 अरब डॉलर का इजाफा देखने को मिला है।



**टॉप-10 से अंबानी-अडाणी बाहर:** भारत का कोई भी बिलेनियर इस लिस्ट में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 104 बिलियन डॉलर (करीब 8.64 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं। वहीं गौतम अडाणी लिस्ट में 16वें नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ 75 बिलियन डॉलर (6.23 लाख करोड़ रुपए) है।

### दुनिया के 10 सबसे अमीर इंसान

| अरबपति का नाम | नेटवर्थ |
|---|---|
| बर्नार्ड अर्नाल्ट | 207.6 अरब डॉलर |
| एलन मस्क | 204.7 अरब डॉलर |
| जेफ बेजोस | 181.3 अरब डॉलर |
| लैरी एलिसन | 142.2 अरब डॉलर |
| मार्क जकरबर्ग | 139.1 अरब डॉलर |
| वॉरेन बफे | 127.2 अरब डॉलर |
| लैरी पेज | 127.1 अरब डॉलर |
| बिल गेट्स | 122.9 अरब डॉलर |
| सर्गेई ब्रिन | 121.7 अरब डॉलर |
| स्टीव बाल्मर | 118.8 अरब डॉलर |

## खबर संक्षेप

### वाहनों पर कलर कोडेड स्टीकर के लिए आखिरी मौका, होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पंजीकृत पुराने वाहनों पर कलर कोडेड स्टिकर और उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) का लगवाने का अंतिम मौका दिया है। हालांकि अभी अंतिम तारीख नहीं बताई है, लेकिन मौका अंतिम है। वाहन मालिक अपने वाहनों के लिए ऑनलाइन घर बैठे उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट के लिए आवेदन कर सकते हैं। कोई वाहन मालिक अगर ऐसा नहीं करता है तो पकड़े जाने पर सख्त काईवाई की जाएगी। दिल्ली परिवहन विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पंजीकृत नए और पुराने वाहनों पर तीसरे पंजीकरण चिह्न कलर कोडेड स्टिकर लगाना अनिवार्य होगा। ऐसे स्टीकर थ्री व्हीलर और कार पर लगना होता है, जिससे पता चलता है कि वाहन डीजल, पेट्रोल या सीएनसी में से किस ईंधन से चल रहा है। इसके साथ ही उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना भी अनिवार्य है। दिल्ली परिवहन विभाग की ओर से कहा गया है कि सभी वाहन मालिको को यह अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे अपने वाहनों पर एचएसआरपी और तीसरे पंजीकरण चिह्न (कलर कोडेड स्टिकर) लगवाएं। जो अपने वाहनों पर एचएसआरपी और तीसरे पंजीकरण चिह्न (कलर कोडेड स्टिकर) नहीं लगाएंगे, वे मोटर वाहन अधिनियम 1988 और सीएमवी नियमों 1989 के अधीन अभियोजन के काबिल होंगे।

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन निकाला

**नई दिल्ली।** सिख समुदाय के गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को समर्पित कृष्णा पार्क में नगर कीर्तन सजाया गया। इस नगर कीर्तन में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कीर्तन के आगे पंच प्यारे चल रहे थे। छोटे छोटे बच्चों ने सिख्स वेशभूषा में कई कार्यक्रम पेश किए। बच्चों ने गतका आदि का सजीव प्रस्तुतीकरण भी किया। कीर्तन का सिख समुदाय ने जगह जगह स्वागत किया और संगत द्वारा चाय, ब्रेड पकौड़े, दूध इत्यादि खाने-पीने की वस्तुओं के लंगर व स्टॉल लगाए गए। इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों सहित अन्य मौजूद थे। नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह सभा कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से शुरू हुआ और विकासपुरी आउटर रिंग, गणेश नगर, न्यू महावीर नगर, पुराना महावीर नगर और आसपास के इलाकों से होते हुए देर शाम समाप्त हुआ। सरदार काहलों ने बताया कि नगर कीर्तन के स्वागत को लेकर संगत में भारी उत्साह था। नगर कीर्तन में गुरुमुखी जीवन से संबंधित प्रदर्शनी भी शामिल की गई ताकि श्रद्धालुओं को गुरसिखी जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिल सके। इसके साथ ही सिक्खी का प्रचार करते हुए साहित्य भी बांटा गया।

### गंगोत्सव 2024: जैन आचार्य लोकेश को मिला प्रतिष्ठित वैदिक सम्मान



**नई दिल्ली।** विश्व शांति एवं मानवतावादी कार्यों के लिए समर्पित आचार्य लोकेश को सनातनी गंगा फाउंडेशन ने प्रतिष्ठित वैदिक सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान रविवार को दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में आयोजित गंगोत्सव 2024 के भव्य समारोह में प्रदान किया गया। आचार्य लोकेश अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक है। समारोह में सनातनी गंगा फाउंडेशन की ओर से कैप्टन प्रवीण एवं संजीव कपूर ने आचार्य को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व उत्तरीय प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आचार्य लोकेश ने कहा कि संत सम्मान और तिरस्कार से परे होते हैं। यह सम्मान मेरा नहीं यह भारतीय संस्कृति एवं भगवान महावीर के सिद्धांतों का सम्मान है। भगवान महावीर ने 2600 वर्ष पूर्व पर्यावरण की समस्या के समाधान के लिए षट् जीवनिकाय का सिद्धांत दिया था। मैं उन्हीं के बताए मार्ग पर चलकर पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन के लिए जन चेतना जगाने का प्रयत्न करता हू।

## आवश्यकता से ज्यादा लोगों के स्टेज पर चढ़ने के कारण हुआ हादसा, 17 घायल

# कालकाजी मंदिर: जागरण में मंच गिरा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कालकाजी मंदिर में शनिवार देर रात जागरण के दौरान स्टेज गिर जाने से भगदड़ मच गई। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई, वहीं 17 लोग जख्मी हुये हैं। सभी घायलों को सफदरजंग, एम्स और मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मृत महिला की पहचान टीना (45-50) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स हॉस्पिटल भिजवाया है। हादसे को लेकर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पुलिस का कहना है कि घटना के समय जो स्टेज गिरा, उसे मुख्य मंच के बगल में आयोजकों के परिजन और वीआईपी लोगों के लिए बनाया गया था। स्टेज पर आवश्यकता से ज्यादा लोग चढ़ गए, जिस कारण यह हादसा हुआ।

डीसीपी साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक राजेश देव ने बताया 27 जनवरी को महंत परिसर कालकाजी मंदिर में माता के जागरण का आयोजन किया गया था। यह जागरण पिछले 26 वर्षों से किया जा रहा था। इस कार्यक्रम की कोई अनुमति नहीं ली गई थी, लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर प्रर्याप्त पुलिस बल मौजूद था। जागरण में लगभग 1500 से 1600 लोगों की भीड़ पहुंची थी। आयोजकों और वीआईपी के परिवारों के बैठने के लिए मुख्य मंच के पास एक ऊंचा स्टेज बनाया गया था। यह लकड़ी और लोहे के फ्रेम से बना था। आधी रात करीब 12.30 बजे स्टेज अचानक से नीचे की ओर झुक गया। वह ज्यादा वजन सहन नहीं कर सका। उस वक्त नीचे बैठे लोग हादसे की चपेट में आ गए। इस हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी और भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। सभी घायलों को अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, 45 साल की एक महिला जिसे दो लोग ऑटो से मैक्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे, उसकी इस घटना में मौत हो गई। कई घंटों बाद मृत महिला की पहचान टीना पत्नी वेद प्रकाश निवासी तुगलकाबाद एक्सटेंशन के रूप में हुई। महिला के पति सब्जी विक्रेता है। टीना अपने पीछे तीन बेटे छोड़ गई है। उधर घायलों में सभी की हालत स्थिर बताई गई है। कई लोगों को फ्रैक्चर हुआ है। घटना से जुड़े कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। शुरुआती जांच के बाद पुलिस मामले में आयोजकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 337/304ए/188 के तहत केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### उम्मीद से ज्यादा उमड़ी लोगों की भीड़

इस मंदिर में जागरण का आयोजन सालों से होता आ रहा है। लेकिन इस बार मशहूर सिंगर बी प्राक के पहुंचने से लोगों की भीड़ हजारों की संख्या में जुट गई। इस बात का अंदाजा जागरण का मैनेजमेंट संभाल रहे लोगों को भी नहीं था। जागरण में बी प्राक को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। हादसे के समय कई लोग स्टेज के नीचे भी दब गए। लोगों की मदद से पुलिस ने स्टेज से नीचे दबे लोगों को बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया।

### पहली बार आंखों के सामने ऐसा हादसा देखा: बी प्राक

इस जागरण में परफॉर्म कर रहे मशहूर सिंगर बी प्राक ने कहा कि यह पहली बार है जब मैंने अपनी आंखों के सामने ऐसा दुखद हादसा हुआ। इस घटना से मैं बहुत दुखी हूं। जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, मुझे उम्मीद है कि सभी घायल जल्द ही ठीक हो जाएंगे।

### धार्मिक कार्यक्रम के लिए फायर से एनओसी की जरुरत नहीं: अतुल गर्ग

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि देर रात पौने एक बजे इस घटना की सूचना मिलने पर मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां भेजी गई थी। पीसीआर के जरिए आठ घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। इनके नाम कमला देवी , शीला मित्तल, सुनीता, हर्ष, अलका वर्मा, आरती वर्मा, रिशिता व मानू देवी हैं। गर्ग का कहना है कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों के लिए फायर डिपार्टमेंट से एनओसी की कोई जरुरत नहीं होती। हालांकि, यह घटना सामने आने के बाद अब इस नियम में बदलाव की जरुरत है, ताकि सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों को अच्छी तरह से जांचा परखा जा सकें।

### दिल्ली भाजपा ने दुख व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विक्रम बिधूड़ी ने प्राचीन सिद्ध पीठ श्री कालकाजी मंदिर में हुई दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है और एक श्रद्धालु की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। विक्रम बिधूड़ी ने कहा है कि हम कालकाजी मंदिर कार्यक्रम में हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं और धार्मिक निकायों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि आवश्यक सुरक्षा कदम उठाए जाएं और सीमित संख्या में लोगों को मंच पर चढ़ने की अनुमति दी जाए। गौरतलब है कि शानिवार देर रात हुए हादसे में एक की मौत और 17 लोग घायल हो गए थे।

### घटना पर सीएम केजरीवाल ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कालकाजी मंदिर में मंच ढहने से एक महिला की मौत होने पर रविवार को शोक व्यक्त किया और लोगों से बड़े कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद। हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार से करें कि कोई भी अप्रिय घटना ना घटे।

### मंदिर में हुआ हादसा बेहद दुखद : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की कैबिनेट मंत्री और कालकाजी विधानसभा क्षेत्र की विधायक आतिशी ने कालकाजी मंदिर में हुए हादसे पर बेहद दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कालकाजी मंदिर में हुआ ये हादसा बेहद दुखद है। ईश्वर मृतक को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और घायलों को जल्द स्वस्थ करें। किसी भी बड़े आयोजन में लोगों की सुरक्षा का ख्याल रखना बेहद महत्वपूर्ण है और सभी दिल्लीवासी इसका विशेष ध्यान रखें।

### कांग्रेस ने दिवंगत आत्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्राचीन सिद्ध पीठ श्री कालका जी मंदिर में शनिवार देर रात हुए हादसे पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया मंच एक्स परे प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने इस दुखद हादसे पर शौक व्यक्त करते हुए लिखा कि दिल्ली के कालकाजी मंदिर में कल रात जागरण में मंच टूटने से हुए हादसे में एक महिला की मृत्यु की खबर मिली जो बेहद दुखद है। उन्होंने लिखा कि मैं दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। और इस हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## मामले में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

# नहर से बरामद हुआ एसीपी के बेटे का शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के एसीपी ऑपरेशन यशपाल सिंह के लापता बेटे लक्ष्य चौहान (26) का शव हरियाणा में समालखा के पास नहर से बरामद हो गया है। केस में दूसरे आरोपी विकास को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से लक्ष्य की इकोस्पोर्ट कार भी बरामद हो गई है। पुलिस के अनुसार केस में अभिषेक की गिरफ्तारी के बाद उसकी तीन दिन की पीसी रिमांड ली गई थी। रिमांड के दौरान की गई पूछताछ के बाद रविवार को मुख्य आरोपी विकास को गिरफ्तार किया गया। लक्ष्य की इकोस्पोर्ट कार भी उसके पास से बरामद हो गई है। मृतक का शव हरियाणा में समालखा के पास नहर से बरामद किया गया। गौरतलब है कि लक्ष्य के अपहरण का केस समयपुर बादली थाने में दर्ज किया गया था। आरोपियों ने पैसों के लेनदेन को लेकर एसीपी के बेटे की हत्या की थी।

### लवली ने ली बैठक, केंद्र सरकार से पूछा विकास किसका हुआ

**नई दिल्ली।** एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की दिल्ली में प्रस्तावित कार्यकर्ता रैली की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने रविवार को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा अंतर्गत एक बैठक आयोजित की। बैठक में पूर्व सांसदों, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर लवली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में विकास कहां किया, और किसका किया यह बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में दिल्ली की जनता भाजपा के सभी सात सांसदों को बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब समय है कि लोगों के घरों में जाकर उन्हें भाजपा व राज्य सरकार की नाकामियों को बताया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एआईसीसी अध्यक्ष खड़गे की रैली देश को नई दिशा दिखाएगी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए खड़गे की रैली एक नई चेतना और ऊर्जा का संचार करने वाली साबित होगी। कांग्रेस के कार्यकर्ता किसी भी रूप में किसी से कम नहीं है।

# बुराड़ी का मामला : सिरफिरे किशोर ने अंजान लड़की पर फेंका केमिकल

## आरोपी लड़कियों से करता है नफरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बुराड़ी इलाके में स्कूली छात्रा के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाले सिरफिरे किशोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। 16 साल का आरोपी लड़की को नहीं जानता था, इसके बाद भी उसने लड़की को निशाना बनाया। पूछताछ में उसका कहना है कि वह लड़कियों से नफरत करता है।

पुलिस के मुताबिक घटना 24 जनवरी को शास्त्री पार्क एक्सटेंशन में सामने आई थी। नाबालिग लड़की पर एक युवक ने कैमिकल फेंक था, जिस वजह से किशोरी की आंख, नाक और गले पर जख्म आये थे। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा था। पीड़ित लड़की ने इस घटना के लिए किसी पर शक जाहिर नहीं किया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की और उसका विश्लेषण करने पर एक लड़के को अपराध स्थल से भागते हुए देखा। फुटेज में नजर आए लड़के का चेहरा साफ नजर नहीं आया था। इस बीच पुलिस ने पीड़ित लड़की के इंस्टाग्राम अकाउंट की सोशल मीडिया हिस्ट्री से पांच संदिग्ध के बारे में जानकारी जुटायी। उनकी भूमिका को चैक किया गया लेकिन वारदात में किसी का हाथ नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र के दो स्कूलों की निगरानी शुरु की। सुबह सात बजे से दूसरी शिफ्ट खत्म होने तक सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। पुलिस ने एक संदिग्ध को चिन्हित किया। लड़के ने अपराध स्थल के नजदीक वाले रास्ते को चुना। आखिर में उसके शरीर की कद काठी और फुटेज में नजर आए संदिग्ध का मिलान होने पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ की गई तो उसने अपराध में अपना हाथ होने की बात स्वीकार ली। उसने पानी में कास्टिक पाउडर मिलाकर फेंका था।

### मेट्रो के आगे कूद की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईएनए मेट्रो स्टेशन पर 30 वर्षीय व्यक्ति ने मेट्रो ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार शाम करीब सात बजे सामने आई। मृतक का नाम अजितेश सिंह पुत्र भूपेंद्र सिंह बताया गया है। वह सत्य निकेतन का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार घटना के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिलने के बाद एक दस्ता मौके पर पहुंचा। मृतक की पहचान एक कॉल के जरिए हुई, जो उसके मोबाइल फोन पर आई थी।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पता चला कि अजितेश सिंह प्लेटफॉर्म नंबर दो से समयपुर बादली जाने वाली मेट्रो ट्रेन के सामने कूदे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मुताबिक घटना के कारण मेट्रो सेवाएं करीब 15 से 20 मिनट तक प्रभावित रहीं।

## बवाना पंचायत में किसानों ने की पांच करोड़ रुपए प्रति एकड़ की मांग

# एक हफ्ते में नहीं बढ़ाया सर्कल रेट तो होगा बड़ा आंदोलन : सोलंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सरकारें दिल्ली देहात कि अनदेखी करना बंद करें और हमारी पुरानी मांगों पर जल्द संज्ञान लेकर हमारा समाधान करें। बवाना में आयोजित हुई 360 गांव की पंचायत को संबोधित करते हुए पालम के प्रधान चौ सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि दिल्ली के अंदर सर्कल रेट / मुआवजा राशि बढ़ाकर कम से कम पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ जल्द किया जाए जो कि अभी फिलहाल 53 लाख रुपया है।

जबकि पड़ोसी राज्यों में दिल्ली के मुकाबले कई गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और यहां के किसानों के साथ अब अन्याय और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर अगले एक हफ्ते के अंदर सर्कल रेट पर कार्रवाई नहीं हुई तो दिल्ली के किसान एक बड़ा आंदोलन करेंगे जिसका खामियाजा सरकारों को भुगतना पड़ेगा। चौ. सोलंकी ने कहा कि हमने लगभग चार महीने पहले भी ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन किया था जिसमें सर्कल रेट राशि बढ़ाने का भी मुद्दा था उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुर्भाग्यपूर्ण है और हम दिल्ली के मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि इस फाइल को जल्द से जल्द से उपराज्यपाल के पास भेजें और उपराज्यपाल इस पर हस्ताक्षर करके दिल्ली के किसानों को बड़ी राहत दें। साथ ही साथ दाखिल खारिज को भी जल्द से जल्द खोला जाए। भूमि एक्ट की धारा-81 और धारा-33 के तहत कार्यवाही को समाप्त किया जाए, धारा-81 में दर्ज पुराने मामलों को तुरन्त वापस लिया जाए, धारा-74 (4) के तहत गांवों के भूमिहीनों, पूर्व सैनिकों व उनकी विधवाओं आदि को ग्रामसभा की भूमि में आवंटित रिहायशी व कृषि भूमि के पट्टों को मालिकाना हक दिया जाए, ग्रामसभा की जमीन का डीडीए को हस्तान्तरण करने पर रोक लगाई जाए, सभी गांवों में लाल डोरे का विस्तार किया जाए, स्वामित्व योजना को लागू करके ग्रामीणों को उनकी पुश्तैनी सम्पति का मालिकाना हक दिया जाए, भूमि अधिग्रहण से संबंधित सर्किल रेट पूरी दिल्ली में एक समान किए जाए।

### सात में से पांच सीटों पर दिल्ली के मूल निवासी हो उम्मीदवार

चौ. सोलंकी ने बताया कि पंचायत में यह भी निर्णय लिया गया कि लोकसभा चुनाव में सात सीटों में से पांच सीटों पर दिल्ली के मूल निवासियों में से उतारा जाए। सभी पार्टियों से पंचायत आग्रह करती है कि दिल्ली के मूल निवासियों को तरजीह देने का काम करे। पंचायत में मौजूद रहने वालों में बवाना के प्रधान चौ धारा सिंह, लाडो सराय 96 के चौ खजान सिंह प्रधान ढांसा 12, प्रधान चौ नरेश, सुरेहडा 17 से राव त्रिभुवन, नरेला 17 प्रधान रणबीर सिंह, समुंदर सिंह प्रधान कराला 17, राजपाल सिंह प्रधान पल्ला 12, रूपचंद प्रधान बख्तावरपुर 12, सुरेश प्रधान नांगलोई 9 आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आनंद विहार इलाके में बिना लाइसेंस के चल रहा था बार

## अवैध शराब भी परोसी जा रही थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आनंद विहार इलाके के सीआर मॉल में बिना लाइसेंस के बार चलाया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि बार में अवैध शराब भी परोसी जा रही थी। इस संबंध में एक्साइज एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। शराब और बीयर की 26 बोतलें जब्त की गई है।

पुलिस के मुताबिक 27 जनवरी को शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ को इस बार के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम सीआर मॉल, आनंद विहार के भूतल पर द ब्लैक नाम के बार में पहुंची। पुलिस ने पाया कि ग्राहकों को अवैध शराब परोसी जा रही थी। इंक्वायरी के दौरान शाहरुख, राशिद, विक्की, यश व एक अन्य ने खुद को बार का मालिक होने का दावा किया। इनमें से कोई भी एक्साइज लाइसेंस नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने मौके से 24 बीयर और दो शराब की बोतलें जब्त कर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दो दिन बाद दिल्ली में पड़ी कड़ाके की सर्दी, दिनभर छाया रहा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दो दिन की राहत के बाद रविवार को दिल्ली एक बार फिर कड़ाके की सर्दी और दिनभर हल्के कोहरे में लिपटी रही। जबकि शुक्रवार व शनिवार को दिल्ली में चटख धूप निकली थी। शनिवार को निकली धूप एक जनवरी के बाद सबसे तेज व गर्म थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार वीकेंड रविवार के दिन दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री नीचे, 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिनभर आसमान पर बादलों की भांति दिखने वाला हल्का कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर सड़कों पर वाहनों को दिन में ही लाइट जलाकर चलना पड़ा। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि 31 जनवरी से एक फरवरी तक सामान्य रूप से आसमान में बादल छाये रह सकते हैं और हल्की बारिश या बूंदाबांदी से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं इसके साथ ही 28 से 30 जनवरी तक शहर में मध्यम कोहरा छाया रहने की भी संभावना है। वहीं दूसरी तरफ रविवार को भी दिल्ली की हवा जहरीली ही रही। हालांकि इसमें गत दिनों की तुलना में मामूली कम जरूर देखने को मिली। दूसरी तरफ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 324 दर्ज किया गया। अनुमान है कि आने वाले दो तीन दिनों में इसमें कमी देखने को मिल सकती है।




## डीडीए की फेस्टिवल धमाका ई बोली योजना के लिए अंतिम दो दिन, 30 को बंद हो जाएगा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सहित पड़ोसी राज्यों के लोगों के लिए फेस्टिवल धमाका ई बोली योजना के तहत डीडीए का घर लेने के लिए अंतिम दो दिन बचे है। अगर रजिस्ट्रेशन से चूके तो उक्त योजना में बोली लगाने की पात्रता नहीं मिल सकेगी। इस बारे में डीडीए भी अपने स्तर पर लोगों को बता रहा है कि फेस्टिवल धमाका ई बोली योजना चरण दो के लिए रजिस्ट्रेशन की समय सीमा मंगलवार यानी 30 जनवरी 2024 की सायंकाल समाप्त हो रही है। ऐसे में महज दो दिन शेष रह गए है कि डीडीए की योजना में शामिल होने के लिए। डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि उक्त योजना में शामिल होने के लिए अब केवल दो ही दिन शेष बचे है। ऐसे में उपभोक्ताओं से अपील है कि जल्द से जल्द इस योजना में शामिल होने के लिए डीडीए में अपना पंजीकरण जरूर कराएं, वर्ना ई बोली में शामिल नहीं हो सकेंगे। अधिकारी ने बताया कि इस योजना का चरण गत दिनों समाप्त हुआ जो पूरी तरह से सफल रहा था। उस योजना में कुछ ही फ्लैट बचे थे, उन्हें चरण दो में शामिल किया गया है। अधिकारी ने कहा कि प्राधिकरण को संभावना ही नहीं पूरी पूरी उम्मीद है कि इन दो दिनों में ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता अपना पंजीकरण कराएंगे।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली भाजपा ने की 70 विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारियों की सूची जारी की है। सचदेवा ने कहा है कि हमने फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव से लगभग एक साल पहले विधानसभा प्रभारियों की इस सूची की घोषणा की है और इससे हमें आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को संगठनात्मक और राजनीतिक रूप से मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### केजरीवाल ने लाला लाजपत राय की जयंती पर किया नमन

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महान स्वतंत्रता सेनानी लाजपत राय की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में लाला लाजपत राय का महान योगदान सदा हम सबको प्रेरित करता रहेगा। सीएम सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आज़ादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें सादर नमन। स्वतंत्रता आंदोलन में लाला लाजपत राय का महान योगदान सदा हम सबको प्रेरित करता रहेगा। वहीं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद ने लाला लाजपत राय को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### ढांसा गांव में पाइप लाइन से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति शुरूः गहलोत

**नई दिल्ली।** ढांसा गांव में पाइप लाइन से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति शुरू होने पर दिल्ली के परिवहन मंत्री और स्थानीय विधायक कैलाश गहलोत ने ग्रामवासियों को बधाई दी और सभी ग्रामवासियों से अपील की कि जल्द से जल्द कनेक्शन लेकर इस सुविधा का लाभ लें। अपनी विधानसभा नजफगढ़ के गांव ढांसा में पाइप लाइन से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति शुरू होने पर मंत्री कैलाश गहलोत ने गांव की महिलाओं से रविवार को बातचीत की। जिसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी शेयर कीं। गहलोत ने एक्स पर लिखा कि ढांसा गांव को बधाई।

### शैली ने सदन में स्थायी समिति की शक्तियों को सदन को सौंपने का रखा था प्रस्ताव

# महापौर ओबेरॉय ने स्थायी समिति की शक्तियों के हस्तांतरण के मुद्दे पर किया न्यायालय का रुख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने पैनल गठित होने तक स्थायी समिति के कार्यों का संचालन दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा करने की अनुमति देने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। इस घटनाक्रम से करीब एक पखवाड़ा पहले एमसीडी के एक विशेष सत्र के दौरान ओबेरॉय ने सदन में स्थायी समिति की शक्तियों को सदन को सौंपने का प्रस्ताव रखा था, जबकि भाजपा सदस्यों ने इस कदम का विरोध करते हुए हंगामा किया था। भाजपा ने आरोप लगाया था कि यह कदम 'अवैध' और 'असंवैधानिक' था। याचिका में उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को प्रतिवादी बनाया गया है और इसमें नगर निकाय के सुचारु कामकाज के लिए निर्देश देने की मांग की है। इसमें कहा गया कि 17 मई, 2023 को शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार की सहायता और सलाह के बिना एमसीडी में नामांकित व्यक्तियों



की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। ओबेरॉय ने अपनी याचिका में कहा कि नामांकित व्यक्तियों की नियुक्तियों की वैधता का निर्णय स्थायी समिति के 18 सदस्यों में से 12 के चुनाव पर सीधे और महत्वपूर्ण रूप से प्रभाव डालेगा, यानी यह सीधे तौर पर इसके भीतर विशेष बहुमत का निर्धारण करेगा। इसलिए स्थायी समिति का गठन अभी तक नहीं किया जा सका है। याचिका में कहा गया है कि एमसीडी शक्ति और जवाबदेही, दोनों ही लिहाज से स्थायी समिति से बेहतर निकाय है, इसलिए यह उचित होगा कि पैनल के कानूनी रूप से गठित होने तक समिति के कार्यों का संचालन एमसीडी द्वारा किया जाए।

### निगम सरकार दे रही है सफाई व्यवस्था पर ध्यान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की सरकार सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बेहतर सफाई व्यवस्था को लेकर मैराथन निरीक्षण के दौरान हम निगम के सभी वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। महापौर डॉ. ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली की साफ सफाई नगर निगम की मूलभूत जिम्मेदारी है लेकिन कहीं न कहीं जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा। जहां हम जनता से फीडबैक ले रहे हैं तथा जनता को समझा भी रहे हैं कि कूड़ा सड़क पर नहीं फेंकना है। जब तक जनता यह आदत नहीं छोड़ेगी हम दिल्ली को साफ करने के अपने लक्ष्य में सफल नहीं हो पाएंगे। दिल्ली को साफ रखने के कार्य में नगर निगम अपनी



जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है अब जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी पड़ेगी। वहीं, दिल्ली नगर निगम ने कहा कि आइए, शपथ लें सड़क पर मलबा नहीं डालेंगे और पड़े हुए मलबे की शिकायत 311 ऐप पर करेंगे।

### स्थायी समिति के चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने नहीं लगाई है कोई रोक : राजा इकबाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई रोक नहीं लगाई है, निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार को जल्द से जल्द स्थायी समिति का चुनाव करना चाहिए। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को उक्त बयान दिया। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि स्थायी समिति के चुनाव से बचने के लिए आप सरकार एवं दिल्ली की महापौर सुप्रीम कोर्ट गई हैं। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की महापौर शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि निगम की शक्तियों को बांटने का अधिकार देश की संसद के पास है एवं स्थायी समिति के चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने भी कोई रोक नहीं लगाई है बस आप सरकार निगम के सभी मामले को लटकाने के लिए सुप्रीम कोर्ट गई है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप सरकार को दिल्ली की जनता की भलाई के बारे में सोचते हुए जल्द से जल्द स्थायी समिति का चुनाव कराना चाहिए ताकि दिल्ली के विकास की गाड़ी पटरी पर लौट सके। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की आप सरकार को इस बात का डर है कि उनके पार्षद आप पार्टी के तानाशाही रवैये से नाखुश हैं जिसके चलते वो स्थायी समिति के चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को वोट कर सकते हैं।

### बहुमत हासिल करने की स्थिति में नहीं है आप : सहरावत

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा महासचिव कमलजीत सहरावत ने कहा है कि कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने एमसीडी के जनरल हाउस को स्थायी समिति की शक्तियों के साथ सशक्त बनाने के निर्देश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिससे पता चला है कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली नगर निगम अधिनियम के लिए कोई सम्मान नहीं है, जिसके अनुसार स्थायी समिति एक अनिवार्य निकाय है जो विशेषकर वित्तीय मामलों में एमसीडी के कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। कमलजीत सहरावत ने कहा कि स्थायी समिति की शक्तियां जनरल हाउस में देने के लिए महापौर के कोर्ट जाने की यह रिपोर्ट एक राजनीतिक संदेश देती है कि आम आदमी पार्टी जानती है कि वह स्थायी समिति चुनाव में बहुमत हासिल करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि आप के कई पार्षद उसे वोट नहीं करेंगे।

### गठबंधन के नाम पर कांग्रेस को ठगना चाहते हैं अरविंद केजरीवाल : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि ऐसा लगता है कि अरविंद केजरीवाल विपक्षी दलों के ठग गठबंधन में महाठग बन गए हैं। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की आत्मकेंद्रित राजनीति के कारण विपक्षी दलों का भारतीय गठबंधन पहले ही टूटना शुरू हो गया है, लेकिन अंततः अरविंद केजरीवाल ही विपक्षी गठबंधन के महाठग बनते दिख रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के लोग इस बात से हैरान हैं कि केजरीवाल दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन चाहते हैं, जहां आर्थिक आरोपों के उजागर होने के बाद वह अब राजनीतिक रूप से कमजोर हैं, लेकिन कुछ हफ्ते पहले केजरीवाल ने घोषणा की थी कि वह पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटें लड़ेंगे और जीतेंगे। रविवार को उन्होंने घोषणा की है वो आम आदमी पार्टी हरियाणा में अकेले लड़ेगी क्योंकि इन 2 राज्यों में आप आज कांग्रेस से ज्यादा मजबूत है। ऐसा लगता है कि केजरीवाल गठबंधन के नाम पर कांग्रेस को राजनीतिक तौर पर ठगना चाहते हैं।

### यमुना किनारे आरती का वादा भूल गए केजरीवाल : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने रविवार को कहा कि यमुना किनारे आरती का वादा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भूल गए लेकिन उपराज्यपाल वी के सक्सेना के प्रयासों से जल्दी ही दिल्ली में यमुना किनारे गंगा आरती की तर्ज पर यमुना आरती शुरू होने जा रही है। इसके लिए बिधूड़ी ने उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना का आभार व्यक्त किया है। बिधूड़ी ने कहा कि 14 नवंबर 2015 को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना आरती का आयोजन किया था। वहीं उन्होंने यह वादा किया था कि दिल्ली में प्रतिदिन शाम को यमुना आरती की जाएगी लेकिन वह उस वादे को पूरी तरह भूल गए। उस समय यमुना किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें यमुना को मां बताया गया था। यही नहीं, उन्होंने यमुना के किनारे संकल्प लिया था कि तीन सालों में ही यमुना साफ हो जाएगी, मगर उन्होंने यमुना मैया से किया वह संकल्प भी भुला दिया जबकि इस बात को 9 साल हो गए है। बिधूड़ी ने कहा कि अगले दो महीने में ही दिल्ली में कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास हरिद्वार और वाराणसी में गंगा आरती की तर्ज पर पावन यमुना आरती शुरू हो जाएगी और इसके लिए वासुदेव घाट का निर्माण कर लिया गया है। हालांकि उपराज्यपाल के प्रयासों से दिल्ली में यमुना आरती शुरू की जा रही है लेकिन दिल्ली सरकार इस दिशा में पूरी तरह फेल हो गई है। बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल इसके बाद भी वह दिल्ली की जनता से वादा करते रहे हैं कि वह यमुना में डुबकी लगाएंगे लेकिन यमुना लगातार और मैली होती जा रही है। यमुना की सफाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिए गए साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए से ज्यादा दिल्ली सरकार डकार गई है।

## केजरीवाल का वादा है हर घर तक साफ पानी पहुंचाना : आतिशी

### *जल मंत्री ने पानी की नई पाइपलाइन डलवाने के काम का किया शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वादा दिल्ली के हर घर तक साफ पानी पहुंचाना है। यह बात रविवार को दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने अपनी विधानसभा कालकाजी में पानी की नई पाइपलाइन के शुभारंभ पर कही। आतिशी ने कालका जी के भरत नगर की गली नंबर 13 और 15 में पानी की नई पाइपलाइन डलवाने का शुभारंभ किया। आतिशी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखकर यह जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भरत नगर, गली नंबर 13 और 15 में स्थानीय निवासियों के साथ पानी की नई पाइपलाइन डलवाने के काम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वादा दिल्ली के हर घर तक साफ पानी पहुंचाना है, इस विजन को पूरा करने की दिशा में आज हमारी कालकाजी में एक और प्रयास है।



### राष्ट्रीय नेताओं सहित प्रदेश पदाधिकारी भी हुए शामिल

# दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम, जगत प्रकाश नड्डा रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रत्येक माह की भांति दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109वें एपिसोड को सुना। दिल्ली के कुछ विशेष स्थानों पर आयोजित मन की बात कार्यक्रमों को सुनने के लिए राष्ट्रीय नेता सहित प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल हुए। दिल्ली के सेवा नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, सह मीडिया प्रमुख संजय मयूख, राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम, राजस्थान सरकार के मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर, प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज और जिला अध्यक्ष राजीव राणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने दिल्ली के आर. के. पुरम में, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर ने रोहिणी में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना।

#### 'महिला बैंड का मार्च देखकर हुआ गर्व महसूस'

मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण और खेल विकास को लेकर चर्चा की जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। मोदी सरकार के महिला सशक्तिकरण के दृढ़संकल्प का अदभूत नजारा हमने 26 जनवरी की परेड में देखा जब केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया और साथ ही महिला बैंड का मार्च देखकर हमें गर्व महसूस हुआ।

## पीएम की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को हो रहा लाभ : बिधुड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश में गरीब, मजदूर, किसान, दलित, युवा, महिलाओं व हर वर्ग के लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है। महरौली जिला दक्षिणी दिल्ली में अनुसूचित जाति सम्मेलन के आयोजन पर दक्षिणी दिल्ली सांसद रमेश बिधूड़ी ने उक्त बातें कही। सांसद ने बताया कि 2014 में केन्द्र में सरकार बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सर्वप्रथम संसद में कहा था कि हमारी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार होगी। आज गरीबों के जीवन स्तर में हुए सुधार को देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने उस समय सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का भी नारा दिया था, यह केवल उन्होंने कहने के लिए नहीं दिया बल्कि इसे चरितार्थ करके दिखाया और यह चरितार्थ पिछले 10 वर्षों में हुआ है देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर महरौली जिला अध्यक्ष रणवीर तंवर, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति चन्द्रपाल बैरवा सहित सभी वार्ड प्रमुख व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान सांसद बिधूड़ी ने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम भी सुना।




■ महरौली जिला में अनुसूचित जाति सम्मेलन का किया आयोजन

भाजपा कार्यालय में विपुल गोयल ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात', कहा-

# सेवा, श्रद्धा और सम्मान भाव से परिपूर्ण है भाजपा की विचारधारा

प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने कार्यकर्ताओ से कहा कि मोदी की गारंटी में भारत नित नई ऊंचाइयों कों छू रहा है। यह देश का सौभाग्य है। मौके पर गोयल ने जरूरतमंदों कों कार्यालय से ही कंबल वितरित किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने सेक्टर-16 स्थित अपने कार्यालय पर नववर्ष में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का 109वां एपिसोड अपने कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर सुना और लाइव टीवी पर देखा। इस मौके पर विपुल गोयल ने तकरीबन दो हजार से ज्यादा जरूरतमंद लोगों कों कार्यालय से ही कंबल भी वितरित किए।

**खास बातें**

- 22 जनवरी को दुनिया ने देखी देश की सामूहिकता की शक्ति
- 'मन की बात' को लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश



## नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने को कहा

उन्होंने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में सुनी और बताई गई बातों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा। इसके अलावा गोयल ने मन की बात कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी के आह्वान में साथ जुडक़र वोटर्स के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए भी कार्यकर्ताओं से अपील की और आगे कहा कि 18 साल पूर्ण कर चुके लोग वोटर लिस्ट में अपना नाम जरुर जुड़वाएं ताकि देश के मतदान पर्व में सभी हिस्सा ले सके।इस मौके पर मुकेश शास्त्री पूर्व चेयरमैन मार्किट कमेटी, विजय शर्मा, नरेश नंबरदार निवर्तमान पार्षद, राज कुमार राज, अजय सोनी, बाबू इब्राहिम खान, सोनू शर्मा, जगबीर पहलवान, कर्नल समर सिंह, डॉ बनवारी लाल गुप्ता, धर्मपाल पूर्व पार्षद, रोहताश तेवतिया, गोपाल शर्मा, योगेश गर्ग, अखिलेश पासवान, महेश कुमार, संजय शाह, डॉक्टर पवन कुमार, लतेश कुमार व हजारों लोग मौजूद थे।

### नित नई ऊंचाइयों कों छू रहा है भारत

प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ से कहा कि मोदी की गारंटी में भारत नित नई ऊंचाइयों कों छू रहा है जो देश का सौभाग्य है। विपुल गोयल ने कहा कि देश के करोड़ो हिन्दु सनातनियो का सपना 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में हुई रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर पूरा हुआ है और देश के करोड़ों लोगों को भक्ति भाव के एक सूत्र में बांधने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने रामज्योति जलाई और दिवाली मनाई तब पूरी दुनिया ने देश की सामूहिकता की शक्ति देखी।

गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति और विचारधारा ही सेवा-श्रद्धा और सम्मान करना है जिसके तहत सभी जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए है।

मां के तौर पर बेहतर रूप से जानती हूं शिक्षा जगत में स्कूल की महत्ता

# 'क्लाइडोस्कोप' में सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल के बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग़ाज़ियाबाद

सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल के वार्षिक समारोह 'क्लाइडोस्कोप' की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट सुवर्णा राज ने कहा कि बच्चों से कहा कि ज़िंदगी हर दिन एक नई चुनौती का नाम है। इस चुनौती को स्वीकार करने अपनी मंजिल खुद तय करते हैं। जब तक उन्होंने स्वयं को साबित नहीं किया तब तक उनके मां-बाप परिवार अफसोस जताया करते थे।



**बेटियों की शिक्षा की आधारशिला है यह स्कूल**

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि उनकी बेटी की शिक्षा की आधारशिला भी इसी स्कूल में रखी गई थी, लिहाजा एक मां को तौर पर भी इस बात को बेहतर तरीके से जानती हैं ।







### हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर को चाची शोक

**फरीदाबाद।** समाजसेवी दशरथ शर्मा व हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी की चाची फूलवती देवी धर्मपत्नी स्व. राम किशोर शर्मा का अचानक स्वर्गवास हो गया है। वह भरा-पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम संस्कार आज एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले भड़ाना चौक स्थित शमशान भूमि पर किया गया। उनके निधन पर कई नेताओं ने शोक प्रकट किया है।





















## कानपुर के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

# भाजपा नेता को धमकाया- न तेरा मंदिर रहेगा, न तू रहेगा

एजेंसी ▶▶ कानपुर

मेस्टन रोड स्थित भगवान श्रीराम के ऐतिहासिक बीच वाला मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंदिर में पोस्टर चिपकाया गया है। साथ ही, कुछ अराजकतत्वों ने धमकी भरा पत्र भी फेंका है। इसमें भाजपा नेता रोहित साहू को धमकाया गया है।

जानकारी के अनुसार पत्र में लिखा गया है कि 'रोहित साहू अब बेटा पानी सर से गुजर चुका है। हमारी बाबरी मस्जिद को तोड़कर, जो तुम लोगों ने मंदिर बनाया है। हम लोगों के दिल को

*हमारी बाबरी मस्जिद को तोड़कर, जो तुम लोगों ने मंदिर बनाया है। हम लोगों के दिल को दुखाया रहे हो,जश्न मना रहे हो। आज तक इस मंदिर में कभी कोई इतना बड़ा पूजा-आरती का कार्यक्रम नहीं हुआ।*



### हमारी मस्जिदों में अजान हो रही है, तुम भजन बजा रहे हो

मेरे पास गोलियों-कट्टो की कमी नहीं है, न बम की कमी है। तुझे क्या तेरे पूरे खानदान को मिटा के रख देंगे। पटाखे छोड़ रहे हो खुशियां बना रहे हो। हम लोगों को जला रहे हो। जोर-जोर से स्पीकर बजा रहे हो।

### तू बेटा बचकर रहना, तुझे तो नहीं छोड़ेंगे,मंदिर का बड़ा ट्रस्टी बना है

तू बेटा बच के रहना तुझे तो नहीं छोड़ेंगे। बहुत बड़ा मंदिर का ट्रस्टी बना है न। न तेरा मंदिर रहेगा, न तू रहेगा। पूरा मंदिर बम से उड़ा देंगे। पत्र के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

**तेरा निकलना घर से दुश्वार कर देंगे:** तू अभी जानता नहीं है। तेरा निकलना घर से दुश्वार कर देंगे। हम लोगों ने बहुत बड़े-बड़े कांड किए हैं। अभी सुना नहीं क्या। तू इस दुनिया में ही नहीं रहेगा, तो पूजा क्या करेगा। देख तेरी ऐसी सेटिंग लगाता हूं कि तू सीधा ऊपर जाएगा।

दुखाया रहे हो,जश्न मना रहे हो। आज तक इस मंदिर में कभी कोई इतना बड़ा पूजा-आरती का कार्यक्रम नहीं हुआ। हम लोगों को जलाने के लिए पूजा-आरती, यह सब जो तुम कर रहे हो।

भाजपा सरकार की वजह से बचे हुए थे, लेकिन अब हम लोग और नहीं बर्दाश्त करेंगे। हमारे मुसलमान भाइयों के दिलों को ठेस पहुंची है। इसका बदला हम जरूर लेंगे। मुस्लिम एरिया से गुजर कर जाता है, तू अब देख तेरे साथ क्या करते हैंश'।

## खबर संक्षेप

### सर्दी के चलते 30 तक स्कूलों की बढ़ी छुट्टी

गोरखपुर। सर्दी के चलते कुछ जिलों में स्कूलों की छुट्टियां और बढ़ गई हैं। गोरखपुर में दो दिन की और छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। लगातार



पड़ रहे कोहरे और शीतलहर को देखते हुए गोरखपुर डीएम ने 29 और 30 जनवरी तक आठवीं तक के स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। जबकि नौ से 12 तक कक्षाएं बदले समय से संचालित की जा रही हैं। मौसम सही रहा तो इन स्कूलों को 31 जनवरी को खोला जाएगा।

### एसटीएफ ने 3 लाख के इनामी को पकड़ा

पटना। एसटीएफ की विशेष टीम ने बेगूसराय के 3 लाख रुपए के इनामी अपराधी नगीना महतो उर्फ



नागो महतो को हरियाणा के मधुबन क्षेत्र से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। वह करीब 5 वर्षों से फरार चल रहा था। इस कुख्यात अपराधी पर हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट समेत अन्य संगीन अपराधों में कई मामले बेगूसराय के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मियों के लिए बड़ी घोषणा

# न्यूनतम मानदेय समेत 10 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा व आवास का लाभ भी मिलेगा

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हरहाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले से ही एक कमेटी गठित कर दी गई है ।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के स्वच्छता कर्मियों को बड़ी राहत देने वाला एलान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हर हाल में मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी।

इसके लिए पहले से ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है, जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट देगी। मानदेय के साथ ही स्वच्छता कर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्हें राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा कवर, उज्ज्वला जैसी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

**खास बातें**

- गोरखपुर को मिली गार्बेज फ्री सिटी में थी स्टार रैंकिंग
- स्वच्छता कर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ



**नगर निगम को 116 करोड़ की सौगात** उन्होंने कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों को यूनिफार्म, लंच बाक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

### दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ

*मुख्यमंत्री रविवार सुबह नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर समारोह के मंच से मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम के सफाई मित्रों के लिए ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया।*

**स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप टेन में आएंगे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफाई कर्मी शहर की सूरत बदलने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं और इसी का परिणाम है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर की रैंकिंग 74 से 22वीं पर आ गई है। उन्होंने कहा कि पहली बार गोरखपुर को गार्बेज फ्री सिटी में थी स्टार रैंकिंग मिली है। गोरखपुर अब अच्छा और सुंदर शहर माना जाता है। परिवर्तन का परिणाम है कि यह देश के अच्छे शहरों में गिना जाता है। इसका सर्वाधिक श्रेय सफाई कर्मियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि अगली स्वच्छता रैंकिंग में गोरखपुर टॉप टेन और फिर टाप थ्री में शामिल हो। इसके लिए जनता को और जागरूक करना होगा।

### मनी लॉड्रिंग मामले में हो रही जांच

# ईडी के 10वें समन के बाद दिल्ली गए सीएम हेमंत सोरेन



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम सोरेन को एक नया समन जारी कर दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी का मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच में शामिल होने के लिए सीएम सोरेन को यह 10वां समन है। हालांकि सीएम सोरेन इस समन के बाद शनिवार की रात अचानक दिल्ली के लिए निकल गए। इस यात्रा को लेकर पहले से कोई प्लानिंग नहीं थी। ऐसे में दिल्ली जाने के बाद अटकलों का बाजार तेज हो गया है।

दरअसल, ईडी ने सीएम सोरेन को 29 या 31 जनवरी को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'सीएम सोरेन की दिल्ली जाने की कोई योजना नहीं थी। ईडी के नए समन के बाद यह प्लान बनाया गया। यहां उनका पहले से ही कई कार्यक्रम थे, जिसमें 29 जनवरी को चाईबासा, 30 जनवरी को पलामू और 31 जनवरी को गिरिडीह में प्रोग्राम था।' ऐसे में इन सभी प्रोग्राम के बावजूद सीएम सोरेन के दिल्ली जाने से कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

### 20 जनवरी को पूछताछ पूरी नहीं हुई थी

*सूत्र के अनुसार सीएम सोरेन ईडी के समन से संबंधित कानूनी परामर्श के लिए दिल्ली गए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री कार्यालय से इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि ईडी ने 20 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मुख्यमंत्री का बयान उनके आधिकारिक आवास पर दर्ज किया था।*

### जमीन घोटाले से संबंधित पूछताछ

*जानकारी के मुताबिक, 20 जनवरी को सीएम सोरेन से ईडी की पूछताछ पूरी नहीं हुई थी। इसी वजह से उन्हें एक और नया समन जारी किया गया है। ईडी के मुताबिक, यह पूछताछ जमीन घोटाले से संबंधित है। इससे पहले कई और लोगों से पूछताछ हो चुकी है*

## पेज एक का शेष

### ये नीतीश ही कर...

था। बात बन गई। सारी चीजें सेट हो गईं और नीतीश फिर से सीएम बन गए। रविवार सुबह 11 बजे राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। और, ठीक छह घंटे बाद फिर से सीएम पद की शपथ ले ली। गौर हो कि करीब 17 महीने बाद बिहार में फिर से एनडीए की सरकार लौट आई है। लालूप्रसाद की राजद ने सरेंडर कर दिया है। नई सरकार में 8 सदस्यों को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। दो डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। ये सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा हैं। घटनाक्रम जैसा होता है, वैसा ही है। पहले इस्तीफा। फिर भाजपा का समर्थन का पत्र। फिर सरकार बनाने का दावा। और फिर, शपथ। राजद ने कहा है कि वे विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हैं। इससे पहले सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता व विजय सिन्हा को उपनेता चुना गया।

**भाजपा के लिए यह आजमाया हुआ गठबंधन:** भाजपा के लिए यह एक आजमाया हुआ गठबंधन है, जिसने 2019 के आम चुनावों और 2020 के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए में भाजपा, जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी शामिल थे। राज्य की 40 संसदीय सीटों में से भाजपा और जेडीयू ने 17 सीटों पर और एलजेपी ने छह सीटों पर चुनाव लड़ा। 54.34% के संयुक्त वोट शेयर के साथ गठबंधन ने 40 में से 39 सीटें जीतकर राज्य में जीत हासिल की।

**अब महागठबंधन की नाव खाने लगी हिचकोले:** सवाल है कि क्या इंडिया गठबंधन लड़ने से पहले ही हार गया है या फिर गठबंधन को ये महज एक धक्का लगा है और वह जल्द उठ खड़ा होगा? उत्तर प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल में सीट समझौता अभी तक फंसा हुआ है। ममता पहले से ही दूर थीं। अखिलेश से खींचतान है। आप पार्टी मान नहीं रही। ऐसे में महागठबंधन की नाव हिचकोले खा रही है।

### नीतीश ने कहा...

उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनकी जो भी मजबूरी रही लेकिन बिहार पेशोपेश में था, डेढ़ साल में बिहार में जंगलराज 2 की स्थिति आ गई थी। अगर, तेजस्वी यादव की ताजपोशी हो जाती तो बड़ी कठिनाई होती। भाजपा जंगलराज नहीं आने देगी।

### ये कुछ बयान...

जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार की तुलना 'गिरगिट' से की है। उन्होंने इसके लिए स्नोलीगोस्टर शब्द का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजुर्न खरगे ने कहा कि अगर हम कुछ गलत कहते तो बाहर गलत संदेश जाता। इसकी जानकारी हमें लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने पहले ही दे दी थी। आज यह सच हो गया। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया और लिखा- बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

**8प्रशांत किशोर बोले- फिर मारेंगे पलटी, लिखकर रख लो:** जनसुराज पार्टी के संस्थापक और राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा है कि नीतीश एक बार फिर पलटी मारेंगे, लिखकर रख लो।

भाजपा के साथ उनका गठबंधन 2025 में होने वाले अगले बिहार विधानसभा चुनाव तक नहीं टिकेगा और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि नीतीश कुमार अगली बार किसके साथ आएंगे। नीतीश फिर से पलटी मारेंगे और वे राज्य में किसके साथ चुनाव लड़ेंगे ये देखने वाली बात होगी।

### दोनों राज्यों के लोगो...

शेखावत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में सचिव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय श्रीमती देबाश्री मुखर्जी, मप्र के अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा और राजस्थान शासन के अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन अभय कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**संघीय संघवाद का स्वर्णिम उदाहरण: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री:** इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि आज का दिन मध्यप्रदेश और राजस्थान के पानी की कमी वाले 26 जिलों के लिए स्वर्णिम सूर्योदय का दिन है। परियोजना से लगभग 5.60 लाख हैकटेयर क्षेत्र में सिंचाई के साथ ही बांधों और बड़े तालाबों में पानी का संचय कर जल-स्तर उठाने में सफलता प्राप्त होगी। पार्बती-कालीसिंध-चंबल परियोजना को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से एकीकृत कर इसे राष्ट्रीय महत्व की परियोजना का दर्जा देते हुए अत्यंत कम समय में मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों के बीच सहमति बनी जिसके लिए दोनों सरकारें बधाई की पात्र हैं। यह परियोजना संघीय संघवाद का स्वर्णिम उदाहरण है। पिछले बरसों के दौरान प्रशासिनक व राजनीतिक दोनों स्तर पर कई दौर की बातचीत हुई थी। किंतु राजस्थान में कांग्रेस की सरकार व मप्र में भाजपा की सरकार होने की वजह से अंदरूनी तौर पर कई तरह की रूकावटें आईं और कोई फैसला नहीं हो पाया था। इस नदी जल विवाद की वजह से दोनों राज्यों के किसानों व उद्योगों को दिक्कतें हो रही हैं।

### चंबल और मालवा ...

श्योपुर में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और औद्योगिक बेल्ट वाले जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास और राजगढ़ के औद्योगीकरण को और बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश के मालवा और चंबल अंचल में लगभग तीन लाख हेक्टेयर का सिंचाई रकबा बढ़ेगा।

### मंत्री आठवले का...

भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को जमकर कोसा। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में आठवले ने कहा कि भाजपा ने गुजरात में नया प्रयोग किया था। मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री नए बनाए गए। मप्र में भी इसी तरह से किया गया है। इसमें कोई बुराई नहीं है।

### दिग्विजय सिंह ने...

बाद दिग्विजय सिंह ने अगले 10 साल तक कोई भी चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। वे साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भोपाल से उतरे। इस चुनाव में उनको भाजपा की साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब दिग्विजय के भोपाल या राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही थीं।

### आरक्षित पदों पर...

जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नहीं भरी जा सकती। यह भी कहा गया, हालांकि, एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षण की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है। लेकिन साथ ही कहा गया है कि सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है।

**यूजीसी के दिशा-निर्देशों पर भड़के छात्र संघ:** इन दिशानिर्देशों पर कई जगहों से तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। जवाहर लाल नेहरू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और यूजीसी अध्यक्ष एम जगदीश कुमार का पुतला जलाने का ऐलान किया है। दिशानिर्देशों की आलोचना पर कुमार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

**इनके लिए ऐसे निर्देश:** यह भी सुझाव है, ग्रुप सी या डी के मामले में आरक्षण रद्द करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद को भेजा जाना चाहिए। समूह 'ए' या 'बी' के मामले में प्रस्ताव आवश्यक अनुमोदन के लिए पूर्ण विवरण के साथ शिक्षा मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मंजूरी मिलने के बाद पद भरा जा सकता है और आरक्षण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

### मस्क से छीना...

एलवीएमएच के शेयरों में 13 फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई थी। फोर्ब्स के मुताबिक एलवीएमएच का मार्केट कैप शुक्रवार को 388.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। टेस्ला के शेयरों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। मस्क ने आगाह किया था कीमतें कम करने के बावजूद बिक्री बढ़ोतरी कम हो जाएगी। जिसके चलते पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी निर्माता के मार्जिन में सेंध लग गई है। इससे पहले मस्क ने बुधवार को कहा कि विकास काफी कम होगा क्योंकि टेस्ला 2025 की दूसरी छमाही में अपने टेक्सास कारखाने में सस्ते अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाहन बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि उन्होंने कहा कि नए मॉडल के उत्पादन में तेजी लाने से चुनौतियां पैदा होंगी क्योंकि इसमें नवीनतम तकनीकें शामिल होंगी।

### ठंड से बचने

# कमरे में जलाया चूल्हा, सोते वक्त दम घुटकर दादी-पोते की मौत

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र के केदल फुरहुरा केदार नगर में कमरे में जल रहे कोयला चूल्हा से निकली गैस से दम घुटने से दादी और सात साल के पोते की मौत हो गई। मृतकों में 61 साल की मंजू देवी और सात साल का बालक प्रणव कुमार शामिल हैं। मंजू देवी छोटे स्तर पर कारोबार कर जीविका चलाने वाले गौरव गोस्वामी जोगी की मां और प्रणव कुमार पुत्र थे। सभी धनबाद के बस्ताकोला, राजसबेरा के रहने वाले हैं।

पुलिस के मुताबिक किडनी रोग से पीड़ित और डायलिसिस पर चल रहीं वृद्ध मां मंजू देवी ने रात आठ बजे गौरव को मोबाइल फोन से सूचना दी कि पोता प्रणव काफी बैचेन है। इसकी जानकारी होने के बाद गौरव अपने घर के लिए



निकले। इसी बीच ठंड से राहत के लिए अलाव के तौर पर बंद कमरे में जल रहे कोयला चूल्हा से निकल रहे कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनो ऑक्साइड से दादी-पोते का दम घुट गया और उनकी मौत हो गई।

जब गौरव घर पहुंचे तो मां और बेटे को आवाज लगाते हुए जब वे अंदर गए तो पाया कि दोनों अचेत पड़े हुए हैं। पड़ोसियों की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### रंगदारी न देने पर की वारदात

# अतीक के करीबी बिल्डर व उसके गुर्गों ने कारोबारी पर किया हमला

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अतीक अहमद के करीबी बिल्डर और उसके गुर्गों ने रंगदारी न देने पर चौक इलाके में कारोबारी पर कातिलाना हमला किया। इस दौरान सोने की चेन लूटकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बिल्डर समेत 11 पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

दौलतगंज रोड निवासी जफरुल इस्लाम का साड़ी का कारोबार है। उनके मुताबिक 25 जनवरी की शाम वह चौक सब्जी मंडी स्थित निर्मला चिकन उद्योग शोरूम जा रहे थे। रास्ते में बिल्डर नियाज गाजी व उसके साथियों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने रंगदारी मांगी और विरोध करने पर तलवार लेकर दौड़ाते हुए वार किया। गनीमत रही कि तलवार उन्हें लगी नहीं। इसके बाद आरोपियों ने उनके गले से सोने



की चेन तोड़ ली और धमकी दी कि आगे रंगदारी नहीं दी तो उनको परिवार सहित मार देंगे।

एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में नियाज गाजी, गुलफाम, ड्राइवर सलीम, नायाब, नियाज के चाचा व चचेरे भाई के अलावा पांच अन्य अज्ञात पर हत्या के प्रयास, लूट, बलवा, रंगदारी आदि धाराओं में केस दर्ज कर तफ्तीश की जा रही है। आरोपी बिल्डर पर पिछले साल जनवरी में भी रंगदारी का केस दर्ज हो चुका है।

## विश्वासघात का नया कीर्तिमान बना बिहार का सियासी घटनाक्रम



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए गठबंधन में फिर शामिल होने से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया को तगड़ा झटका लगा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे विश्वासघात करार दिया है और कहा कि चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने जदयू नेता नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा और कहा कि इससे बड़ी उनकी कोई हार हो ही नहीं सकती है।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा अपने जीवनकाल में इतनी कमज़ोर कभी नहीं थी, जितनी आज हो गई।

**जनसंवाद** सीएम ने पानीपत में ई-बसों का किया उद्घाटन, करनाल में 3 महीने में शुरू होगी सिटी ई-बस सेवा

### मुख्यमंत्री आवास योजना के पहले चरण में दिए जाएंगे पचास हजार प्लॉट

# 80 साल से ऊपर के बुजुर्गों के लिए हर जिले में खुलेंगे वृद्ध सेवा आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल/पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को कहा कि हरियाणा के हर जिले में बुजुर्गों के लिए वृद्ध सेवा आश्रम खोले जाएंगे, जिनमें 50-50 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था होगी। करनाल में तीन महीने में सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पहले चरण में 50 हजार प्लाट दिए जाएंगे। आवेदन के लिए दो दिन बाद पोर्टल खोल दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 200 कॉलोनियों को जल्द ही नियमित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को करनाल के माडल टाउन के वार्ड 11 में जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए खोले जाने वाले वृद्ध सेवा आश्रमों में गरीबों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था होगी। साधन संपन्न बुजुर्ग भी अगर आश्रमों में रहना चाहें तो उसके लिए उन्हें राशि का अंशदान करना होगा। उन्होंने कहा कि करनाल में तीन



महीने बाद सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। पानीपत में इसकी शुरूआत आज की गई है। यमुनानगर में यह सेवा सोमवार से आरंभ की जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि कोरोना काल खत्म होने के बाद तीसरे साल में प्रदेश सरकार ने विकास को गति देने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसके परिणाम अब मिलने लगे हैं। अब घर बैठे लोगों तक केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उन 8 लोगों को वद्धावस्था पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए, जिनकी रविवार को पेंशन बनाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न वर्गों के लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये।

### सात दिन फ्री सफर

सीएम मनोहर लाल ने रविवार को पानीपत से इलेक्ट्रिक सिटी बस सर्विस शुरू की। पानीपत के अलावा यह बसें पंचकूला, हिसार, सोनीपत, रोहतक, यमुनानगर, अंबाला और करनाल के अलावा रेवाड़ी में यह सेवा शुरू कर दी गई है। पानीपत में इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत के बाद सीएम ने उसमें बैठकर सफर भी किया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी ई-बसें चल रही हैं, उनमें शुरूआती 7 दिन सफर फ्री रहेगा। इसके बाद सीएम ने कहा कि हरियाणा के 3 शहरों मानेसर, फरीदाबाद और गुरुग्राम में सिटी बसें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी बसें बैटरी से चलेंगी। इनमें पेट्रोल-डीजल का इस्तेमाल नहीं होगा उन्होंने कहा कि विभाग पोर्टल पर आम जनता से राय लेकर रूट बनाए। बस 10 से 28 किलोमीटर के दायरे में चलेगी। मिनिमम किराया 10 रुपए रखा गया है।

### मुख्यमंत्री बोले, करनाल से ही लड़ूंगा विधानसभा चुनाव

करनाल। करनाल पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महा गठबंधन पर शायरी के करते हुए तंज कसा। वहीं उन्होंने यह भी करनाल से बाहर चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर क्लीयर किया कि मैं करनाल से ही चुनाव लड़ूंगा। मेयर व पार्षदों के चुनाव के सवाल पर सीएम मनोहर लाल ने कहा कि अभी उसमें वार्डबंदी व अन्य कार्य चल रहे है, क्योंकि करनाल के साथ अन्य नगर इकाईयां है उन सभी का यह काम कंप्लीट होते ही लोकसभा के साथ या फिर आगे पीछे चुनाव करवाए जा सकते है। एनडीए में नीतिश कुमार की पार्टी जेडीयू के जुड़ने के सवाल पर सीएम ने कहा कि जो आएगा उसका स्वागत है। सवाल किया गया कि जिन लोगों ने इंडिया गठबंधन बनाया है वही छोड़कर चले गए है, तो सीएम ने शायरी के साथ जवाब दिया और कहा कि दिल के टुकड़े हुए हजार, कोई ईधर गिरा कोई उधर गिरा। जिन लोगों ने गठबंधन बनाया है, उनका कोई भरोसा नहीं है। क्योंकि जिसने गठबंधन बनाया है उसको यह समझ नहीं है कि उसे क्या करना है और जो शामिल होते है न ही उन्हें कोई समझ होती है।



# 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फाइटर...

**मुंबई**। फिल्म फाइटर को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉंस मिल रहा है। सिर्फ 4 दिनों के अंदर फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर भी यह धुंआधार कमाई कर रही है। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो पिछले 4 दिनों में फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ 45 लाख रुपए की कमाई कर चुकी है। फाइटर के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस की बात करें तो विश्व स्तर पर फिल्म की कमाई के आंकड़े ट्रेड विशेषज्ञ विजयबालन ने जारी किए हैं।

लाइफ Style


# जाह्नवी

## सूर्या संग लड़ाएंगी इश्क

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जूनियर एनटीआर संग काम करने के बाद जाह्नवी कपूर के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें वह एक और साउथ सुपरस्टार के साथ इश्क लड़ाती हुई दिखाई देंगी। इस फिल्म को राकेश ओम प्रकाश मेहरा डायरेक्ट करेंगे। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी ने बॉलीवुड के बाद साउथ इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने शुरू कर दिए हैं। खबर है कि उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें एक्ट्रेस साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जाह्नवी और सूर्या पहली बार एक पीरियड ड्रामा फिल्म में साथ दिखाई देंगे। बता दें कि फिलहाल एक्ट्रेस कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित फिल्म देवरा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू कर रही हैं। फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ दिखाई देंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन दिनों जाह्नवी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। पिछले दिनों ही उनकी अपकमिंग फिल्म देवरा का टीजर सामने आया था, जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म देखने के लिए बेताब हो गए हैं। बता दें कि देवरा में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। वहीं जाह्नवी थंगम के रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा फिल्म में सैफ अली खान भी हैं। वह इसमें विलेन के रोल में दिखाई देंगे। पहले देवरा अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। अब इसे साल के आखिरी में रिलीज किया जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला

# जुए की लत ने किया बर्बाद



**लॉस एंजेलिस**। हॉलीवुड एक्ट्रेस किम जोलिसक की मुश्किलें काफी बढ़ गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जुए की लत ने हीरोइन को बर्बाद कर दिया। पति का आरोप है कि एक्ट्रेस को जुए की लत थी। दोनों पति पत्नी के बीच तलाक हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस हीरोइन ने अपना एक कपड़ा 4 लाख 90 हजार में बेचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक सूत्र का दावा है कि एक्ट्रेस के छह बच्चे हैं। जिनके लिए उन्होंने महंगे और ढेर सारे तोहफे खरीदने के लिए अपने डिजाइनर कपड़े और एक्सेसरीज बेच दी हैं।



# पेरिस में स्पॉट हुईं रीटा ओरा

**लॉस एंजेलिस**। म्यूजिश्यन रीटा ओरा हॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित हसीनाओं में से एक हैं। रीटा ओरा अक्सर अपने लुक्स से फैंस की नींद उड़ा देती हैं। हाल ही में एक बार फिर रीचा ने अपने अंदाज से लोगों के होश उड़ा दिए। दरअसल रीटा ओरा को पेरिस के एक होटल के बाहर देखा गया। इस दौरान रीटा ओरा का बोल्ड लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो 33 साल की सिंगर क्रॉप टॉप, लो राइज स्नेक प्रिंट फ्लेयर्स में हॉट दिखीं। ठंड से बचने के लिए हसीना ने फर्र वाली जैकेट, स्कार्फ पेयर किया था। फुटविअर की बात करें तो रीटा ओरा ने ब्राउन शूज से लुक को स्टाइल किया। अपने लंबे ब्राउन बालों को ओपन रखते हुए हसीना ने मिनिमल मेकअप से लुक को पूरा किया।



# अब सोभिता ने किया हॉलीवुड का रुख

**मुंबई**। बॉलीवुड एक्ट्रेस सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री फिल्म मंकी मैन के साथ देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खीच रहा है। नेटफ्लिक्स की सीरीज और फिल्मों में बैक टू बैक धाक जमाने के बाद शोभिता धुलिपाला ने हॉलीवुड का रुख कर लिया है। इस हॉलीवुड डेब्यू के साथए सोभिता ने न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता की वर्सेटिलिटी दिखाई है बल्कि हॉलीवुड में और वैश्विक दर्शकों के दिलों में भी आगे बढ़ने का रास्ता बनाया है।



# नवाजुद्दीन ने किया अपनी कमाई का खुलासा

**मुंबई**। बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में गिने जाने वाले दिग्गज अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी काफी समय से वह अपनी फिल्म सैंधव को लेकर चर्चा में हैं। नवाजुद्दीन फिल्मों में लीक से हटकर किरदार निभाने के लिए पहचाने जाते हैं। अभिनेता ने इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि वो लगभग कितना पैसा कमाते हैं। उन्होंने बताया कि वह खूब कमाते हैं। जब उनसे पूछा गया कि 10 करोड़ या उससे ज्यादा तो उन्होंने कहा कि उसके आसपास। एक्टर ने इस बात का भी खुलासा किया कि वह फिल्में सिर्फ पैसा कमाने के लिए करते हैं, जिससे आगे चलकर वह बिना कोई पैसा लिए कुछ फिल्मों में काम कर सके, जिनकी स्क्रिप्ट उनके दिल को भा जाए।

# अब कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करेंगी नोरा...

**मुंबई**। नोरा फतेही ने केवीएन प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों के लिए नई डील साइन की है। नोरा तेलुगु के बाद अब कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में उनके अभिनय की शुरुआत करेंगी। केडी द डेविल नामक प्रोजेक्ट में नोरा की बेजोड़ डांस प्रस्तुत करेंगी। जाने माने कन्नड़ फिल्म निर्माता प्रेम द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक शानदार दृश्य बनने के लिए तैयार है। वह कहते हैं, नोरा फतेही काम के लिए बहुत समर्पण और फोकस के साथ आती हैं। मुझे इस ग्लोबल सेंसेशन पर बहुत भरोसा है और विश्वास है कि यह अनोखा जुड़ाव फिल्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। नोरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह सहयोग नए दर्शकों से जुड़ने और कर्नाटक में कहानी कहने की परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने का एक रोमांचक अवसर है।



# उल जलूल इश्क में नजर आएंगी फातिमा सना...

*__मुंबई__। एक्ट्रेस फातिमा सना शेख जल्द ही फिल्म उल जलूल इश्क में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ और भी कई टैलेंटेड एक्टर्स दिखेंगे। फिल्म उल जलूल इश्क में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा और शारिब हाशमी जैसे एक्टर्स भी अहम भूमिका निभाते नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी टीम पंजाब पहुंच चुकी है। हाल ही में ये एक्ट्रेस विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख भारत की दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में दिखी थी। इस किरदार में अपने शानदार अभिनय से एक्ट्रेस ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया था। फातिमा सना शेख कहती है कि दंगल को 7 साल हो गए हैं। एक ऐसी फिल्म, जिससे मैंने सनेमा में मेरी शुरुआत हुई और मुझे खुशी के आंसू और शाश्वत यादें दीं। दंगल से लेकर धक धक तक मेरा फिल्म करियर खुशियों, आंसुओं और दुखों के साथ भावनाओं की उतार चढ़ाव से भरा रहा है।*



# रोबोट का किरदार निभाने वाली बनीं पहली एक्ट्रेस

**मुंबई**। कृति सेनन अपमकिंग फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में शानदार भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो कि सिफरा नाम की एक रोबोट की है। ऐसा करके कृति न केवल एक अनोखे किरदार की शुरुआत कर रही हैं बल्कि सिल्वर स्क्रीन पर रोबोट का किरदार निभाने वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस भी बन गई हैं। बता दें कि कृति अपने किरदार की जटिलताओं को सहजता से पेश करती हैं। रोबोट की भूमिका निभाना कोई आसान बात नहीं है, खासकर के जब संसारिक रूप से अंदर की भावनाओं को व्यक्त करने की चुनौतियों का सामना करते हैं। हालांकि ऐसा लगता है कि कृति ने इस कला में महारत हासिल कर ली है। कई प्रकार के कौशल का प्रदर्शन करते हुए, जो उनके अभिनय कौशल की गहराई को उजागर करते हैं। वह दोनों हाथों से सहजता से खाना पकाने, बेजान आचरण अपनाने, मैकेनिकल फेस के साथ भावनाएं व्यक्त करने, पीछे की ओर झुकने और कई अन्य पलों में अपनी काबिलियत दिखाती है, जो एक रोबोट की प्रामाणिकता को बनाए रखते हैं। ये सभी कृति की सीमाओं को पार करने और एक रोबोट जैसे अनोखे किरदार को निभाने के साथ आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने की कमिटमेंट को प्रदर्शित करते हैं।



# नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता होने के बाद मिथुन चक्रवर्ती को झेलना पड़ा था रिजेक्शन

**मुंबई**। 70-80 के दशक में एक्टर्स को स्टार बनाने में उनकी प्रतिभा के साथ ही उनके लुक्स का भी बड़ा योगदान होता था। 70 के दशक में बॉलीवुड में एक ऐसे सुपरस्टार उभरे, जिन्हें कभी उनके रंग रूप के चलते फिल्मों में काम नहीं मिलता था लेकिन फिर समय ने ऐसी करवट ली कि वह उस दौर के सभी लीडिंग एक्टर्स पर भारी पड़ने लगे। मिथुन चक्रवर्ती ने 1976 में क्रिटिक्स द्वारा प्रशंसित मृणाल सेन की फिल्म मृगया से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में अपने शानदार अभिनय से उन्होंने दर्शकों के साथ ही क्रिटिक्स को भी मंत्रमुग्ध कर दिया था। मृगया में लाजवाब अभिनय के लिए मिथुन चक्रवर्ती को नेशनल फिल्म अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्टर मिला था।



### बेस्ट एक्टर होने के बाद भी नहीं मिली फिल्में

डेब्यू फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलना किसी भी एक्टर के लिए छोटी बात नहीं है। ऐसे में हर एक्टर को उम्मीद होती है कि पहली फिल्म से ही बेशुमार सफलता पाने के बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग जाएगी लेकिन असल में मिथुन की परिस्थितियां इसके बिल्कुल उलट थीं। नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता होने के बावजूद उन्हें इंडस्ट्री में कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा था।

### काले रंग के चलते कोई नहीं करता था साथ काम

एक्टर ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कई बार इस बात का जिक्र किया था कि स्टारडम पाने की उनकी राह बिल्कुल भी आसान नहीं थी। डेब्यू फिल्म से क्रिटिक्स की खूब वाहवाही लूटने के बाद भी एक्टर को फिल्म इंडस्ट्री में आसानी से काम नहीं मिलता था। मिथुन चक्रवर्ती ने बताया था कि उनके काले रंग की वजह से कोई भी टॉप एक्ट्रेस उनके संग काम करने को तैयार नहीं होती थी ऐसे में जीनत अमान उनके लिए फरिश्ता साबित हुई थीं।

### जीनत अमान बनीं फरिश्ता

उस दौर में जब एक्ट्रेसेज मिथुन का नाम सुनते ही फिल्में रिजेक्ट कर दिया करती थीं उस वक्त सिर्फ जीनत अमान ही थीं जो उन्हें गुड लुकिंग समझती थीं। जीनत अमान ने मिथुन संग फिल्म करने के लिए हामी भर उनकी किस्मत पलट दी। एक्ट्रेस संग सुपरहिट फिल्म देने के बाद मिथुन चक्रवर्ती ने कभी अपने करियर में पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने गांव का विकसित होना जरूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पन्ना में कार्यशाला को संबोधित किया। पन्ना के एवरशाइन

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गांव चलो अभियान की कार्यशाला को किया संबोधित

गार्डन में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए गांव को विकसित करना जरूरी है। राज्य केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

### 24 घंटे गांव में रहेंगे पार्टी कार्यकर्ता

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव में एक रात रहेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से लेकर पार्टी के प्रदेश और जिला पदाधिकारी गांव में 24 घंटे रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता सबसे पहले होता है। इस अभियान के माध्यम से भाजपा विधानसभा चुनाव में हारे हुए बूथों को जीतने और जीते हुए बूथों पर 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने को लेकर कार्य करेगी। गांव के सभी पात्र व्यक्तियों को केंद्र और राज्य सरकार की गरीब कल्याण और जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

## दिग्विजय देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े हो रहे हैं

दिग्विजय सिंह देश के जयचंद हैं। वह देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े हो रहे हैं। खजुराहो लोकसभा का हर बूथ कांग्रेस मुक्त होगा और हर बूथ को मोदी बूथ बनाया जाएगा। हमें जिले से लेकर शक्ति केंद्र तक की रचना पर काम करना है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने एवरशाइन गार्डन में शनिवार को भाजप पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक में कही।

### खजुराहो का सबसे अधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाएंगे

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है। चुनाव केवल राजनीति से नहीं, देश की संस्कृति, स्वाभिमान और गरीब कल्याण की योजनाओं के आधार पर जीते जाते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा खजुराहो लोकसभा क्षेत्र को देश में सबसे अधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाएंगे।

### अल्पसंख्यकों को भी मिला लाभ

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के मेरे अल्पसंख्यक भाई-बंधु भी कह रहे हैं कि भाजपा सरकार में ही उन्हें लाभ मिला है।

## लोकसभा चुनाव कार्यालय का उदघाटन



*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पन्ना जिला भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सागर संभाग के प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।*

---

### एक और दो मार्च को उज्जैन में व्यापार मेले के अवसर पर इन्वेस्टर्स समिट भी प्रस्तावित

*समत्व भवन में हुई विभागीय समीक्षा*

# मुख्यमंत्री ने कहा- ऐसी जगहों पर उद्योग लगाएं, जहां उद्योग कम हैं या फिर नहीं हैं

### उद्योगविहीन इलाकों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना पर करें फोकस: डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के ऐसे इलाके जहां अपेक्षाकृत उद्योग कम हैं, वहां स्थानीय जरूरतों के अनुरूप औद्योगिक इकाइयों की स्थापना पर फोकस किया जाए। इसके लिए जिला स्तर पर उद्योग संवर्धन संगोष्ठियां करके उद्योगपतियों एवं निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाए।

एक और दो मार्च को उज्जैन में व्यापार मेले 2024 के अवसर पर इन्वेस्टर्स समिट भी प्रस्तावित है। विशेष रूप से पर्यटन, कृषि और स्टार्टअप क्षेत्रों पर फोकस रहेगा। इसमें गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित स्थानीय निवेशक हिस्सा लेंगे। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में नर्मदा घाटी विकास विभाग, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, खनिज साधन, जनसंपर्क, वाणिज्यिक कर विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। इस मौके पर विभागों ने प्रेजेंटेशन दिए। समीक्षा बैठकों में मुख्य सचिव वीरा राणा व अफसर उपस्थित थे।

### सिंचाई के लिए समय सारणी बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की समय-सारणी निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नर्मदा नदी के बड़े घाटों और नर्मदा नदी के तट पर स्थित प्रमुख धार्मिक महत्व के स्थानों पर नदी में आवश्यक जल प्रवाह की व्यवस्था होना चाहिए। विद्युत उत्पादन और सिंचाई दोनों कार्यों के लिए जल की उपलब्धता और उसके उपयोग के संबंध में सामने आने वाली कठिनाइयों का व्यवहारिक समाधान भी निकाला जाए। अपर मुख्य सचिव एनवीडीए डॉ. राजेश राजौरा ने एनवीडीए ने प्रजेंटेशन दिया। साथ ही संकल्प 2023 के बिंदुओं पर क्रियान्वयन की जानकारी दी।

### जिला स्तर पर इन्वेस्टर्स समिट की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई, खनिज विभाग, और ग्रामोद्योग विभाग संयुक्त रूप से ऐसी इकाइयों की स्थापना के लिए मिलकर कार्य करें। अंतर्विभागीय समन्वय से कचरा प्रबंधन एवं गोबर के उपयोग के लिए संयंत्र स्थापित करने के कार्य किए जाएं। प्रदेश में एमपीआईडीसी के 10 क्षेत्रीय कार्यालय कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में अधिक रोजगार सृजित करने वाले सेक्टर जैसे गारमेंट, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग आदि के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध है। जिला उद्योग केन्द्रों के माध्यम से जिला स्तर पर उद्योगपतियों के लिए जिला इन्वेस्टर्स समिट की पहल की जा रही है।

### जहां उद्योग नहीं, पहले वहां उद्योग लगाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसे स्थानों पर उद्योग स्थापना की ठोस पहल की जाए, जहां उद्योग कम हैं। उन्होंने धार, झाबुआ जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्रों एवं सागर, जबलपुर जैसे नगरीय क्षेत्रों में उद्योग संवर्धन संगोष्ठियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए। कृषि, पशुपालन, खनिज आधारित औद्योगिक इकाइयों की संभावनाओं पर विमर्श कर स्थापना के लिए तेज गति से कार्य करने बांस उत्पादन आधारित इकाइयों और टिंबर व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।*

### नर्मदा घाटी विकास विभाग की बैठक

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा घाटी विकास की विभागीय समीक्षा करते हुए जल उपयोग के मामले में श्रेष्ठ परिणाम लाने वाले राज्यों विशेषकर गुजरात में हुए कार्यों का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान सिंचाई प्रतिशत, सिंचाई सुविधा के उद्देश्य से जल उपलब्ध करवाने, विभिन्न बांधों के माध्यम से जल विद्युत उत्पादन, जलाशयों और बांधों की उपलब्ध जल क्षमता और उसके उपयोग की जानकारी प्राप्त की।*

### राज्य स्तरीय रोजगार दिवस 31 को मुरैना में

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 31 जनवरी को मुरैना में प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दो लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री अनूपपुर, बड़वानी, दमोह तथा छतरपुर के एक हितग्राही से सीधा संवाद भी करेंगे। शेष जिला मुख्यालयों में इसी दिन जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एमएसएमई विभाग के सचिव पी. नरहरि ने बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिलों में होने वाले आयोजन की रूप रेखा जिला कलेक्टर के निर्देशन में निर्धारित कर कार्यक्रम संपादित किया जाएगा, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं को संचालित करने वाले विभागों, जिले के बैंकों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से कार्यक्रम होगा।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्म पुरस्कार के लिए चयनित मध्य प्रदेश की विभूतियों को दी बधाई

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2024 के पद्म पुरस्कारों में पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित मप्र की चार विभूतियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवती लाल राजपुरोहित, ओम प्रकाश शर्मा, सत्येंद्र सिंह लोहिया और कालूराम बामनिया ने अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यकर मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इन सभी चयनित विभूतियां की उपलब्धियों पर मप्र वासियों को गर्व है। भगवती लाल राजपुरोहित को मालवी संस्कृति और साहित्य पर पुस्तकों, विशेष रूप से नाटकों के लेखन के लिए, ओम प्रकाश शर्मा को पारंपरिक माच गायन शैली को रंगमंच से जोड़कर शानदार प्रस्तुतियों के लिए पद्म पुरस्कार मिला है।*

### मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकल नामांकन अनुपात में राष्ट्रीय औसत से बेहतर: डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि मध्यप्रदेश नई शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू करने में तो अग्रणी रहा ही है, नामांकन के स्तर पर भी प्रदेश ने उपलब्धि हासिल की है। सकल पंजीयन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय औसत 28.4 प्रतिशत रहा, जबकि मध्यप्रदेश 28.9 प्रतिशत के साथ विद्यार्थी नामांकन संख्या में वृद्धि की उपलब्धि अर्जित कर चुका है। प्रदेश में सर्वाधिक नामांकन स्नातक स्तर पर लागू हुए हैं। प्रदेश ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का स्तर बनाए रखा। प्रदेश ने इस दिशा में निरंतर प्रगति की। कोविड की चुनौतियों के बावजूद राष्ट्रीय औसत से आगे निकलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।*

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई दी**

---

### सीएम ने ली बैठक

## अवैध खनन, परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। इसके लिए संभागीय टास्क फोर्स का उपयोग किया जाए। खनिजों से राजस्व प्राप्ति के संबंध में विभाग की ओर से नियमित रूप से समीक्षा की जाए।

बैठक में बताया गया कि हाल ही में मप्र को मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स, अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए निरंतर निगरानी कर रहा है। सतत जांच के लिए पिछले माह संभागीय जांच दल गठित किए गए हैं। खनिज विभाग के प्रेजेंटेशन में बताया गया कि मप्र में 68 खनिज ब्लॉक की नीलामी का कार्य किया है। प्रदेश में आगामी 6 माह में 13 खदानें शुरू की जाएंगी। प्रदेश में गौण खनिजों की 5895 खदानें स्वीकृत हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना लागू है, जिसके तहत 6 हजार से अधिक परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। खनिज अन्वेषण के तहत जीएसआई, एनएमडीसी, मॉइल, एमईसीएल, डीजीएम और एनपीईए, जैसी एजेंसियां कार्यरत हैं। विभागीय पोर्टल का उन्नयन कर विभागीय कार्यों के सरलीकरण पर भी दिया गया है।

### आय बढ़ाने पर दिया जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाणिज्यिक कर विभाग के तहत आने वाले आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग से अर्जित आय एवं वर्तमान में लागू व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रजेंटेशन भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने विभागीय प्रकाशन की व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के साथ ई-प्रकाशन के भी निर्देश दिए। उन्होंने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रोत्साहन और पुरस्कार योजना शुरू करने और राज्यों में अध्ययन दल भेजकर नवाचारों को अपनाने के लिए कहा।

### विभागीय प्रकाशन की व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसंपर्क विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे प्रचार कार्य के साथ ही विषय केन्द्रित और इवेंट आधारित गतिविधियों की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जनसंपर्क आयुक्त संदीप यादव ने विभाग के कार्यों की जानकारी दी। प्रकाशन, पत्रकार कल्याण, विभागीय प्रशिक्षण, मीडिया प्रशिक्षण गतिविधियों से अवगत कराया।*

## मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**भोपाल**। मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यालय एफ 85 /51 तुलसी नगर में गणतंत्र दिवस पर प्रांताध्यक्ष डीके यादव ध्वजारोहण किया व बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संरक्षक एसएस दांगी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# कार से 22 लाख के सोने-चांदी के आभूषण जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद पुलिस ने रेहटीखोल अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर शनिवार को कार से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण बरामद किया है। तस्कर सोने को ओडिशा से रायपुर ला रहे थे। जब्त सोने-चांदी की कीमत 22 लाख 31 हजार 280 रुपये आंकी गई है। कार में सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की पूछताछ कर रही है। बता दें कि महासमुंद पुलिस तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

### खुफिया चैंबर में छिपाकर ओड़िशा से रायपुर ला रहे थे तस्कर



पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो तस्कर भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण लेकर कार से महासमुंद की ओर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई। साइबर सेल और सिंघोड़ा पुलिस की संयुक्त टीम रेहटीखोल चेकपोस्ट पर बैरिकेटिंग लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। टीम ने चेकपोस्ट पर ओडिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको स्पोर्ट्स कार कको रोककर पूछताछ की। कार में सवार युवकों ने बताया कि वे दोनों ओड़िशा के सोनपुर से रायपुर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली तो चैंबर में 81 ग्राम के सोने का नेकलेस, झूमके, चैन और 23 किलो 790 ग्राम चार चांदी की सिल्ली मिली। गहनों के संबंध में दस्तावेज दिखाने के लिए कहा तो युवकों ने कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। जिसके बाद पुलिस ने गहनों को जब्त कर लिया।

## स्कूल में युवक की फांसी पर लटकी मिली लाश

**धमतरी**। धमतरी जिले के एक स्कूल में युवक की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक स्कूल से कुछ दूरी पर रहने वाला था। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार 28 जनवरी को नयापारा वार्ड में शासकीय स्कूल परिसर में वार्डवासियों ने एक युवक के शव को फांसी पर लटका देखा।

## कापू रेंज के मैनपाट मार्ग में बाइक सवारों को हाथियों ने घेरा, वन अमने ने तत्काल रेस्क्यू कर बचाई जान

### मशाल, हूटर, फटाके का शोर कर दोनों युवकों तक पहुंचा अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीती रात कापू रेंज के कुमरता इलाके में हाथियों का झुंड मैनपाट मार्ग में विचरण कर रहा था। जिसमें गंतव्य से आने के दौरान बाइक सवार दो युवको का उन्मादी हाथी झुंड से सामना हो गया। युवक जान बचाने के लिए मोटरसाइकिल को मौके पर ही छोड़कर जंगल की ओर भागे और सुरक्षित ठिकाने की तलाश में रहे। जहां पहाड़ नुमा पत्थर के पीछे छिपकर खुद के जान को बचाई।

### दोनों युवकों को सुरक्षित घर पहुंचाया

इस बीच दोनों ग्रामीण घर में फोन के माध्यम से संपर्क कर मदद की गुहार लगाने का प्रयास करते रहे, लेकिन जंगलों के चलते नेटवर्क की समस्या आने लगी। तत्पश्चात किसी तरह और ऊपर जाने पर वे घर से संपर्क कर पाए, जिनके द्वारा मोबाइल द्वारा सूचना दिया गया। घर वालों ने वन विभाग को सूचना दी, तब वन अमला रात्रि में सूचना मिलने पर तत्काल रवाना हुआ। जहां खोजने के बाद दोनों को ढूंढा गया। चूंकि हाथी झुंड में थे, उनसे वन कर्मियों को बचना था और दोनो युवक को सुरक्षित निकालना चुनौती थी। ऐसे में विभाग ने मसाल, हूटर, फटाके तथा इंसानी आवाज में शोर शराबा कर युवकों तक पहुंचा व उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाया।

---

## अब होगा रामसेतु का सौंदर्यीकरण

**बिलासपुर**। ऐतिहासिक पुराना सरकंडा पुल अब रामसेतु बन चुका है। पुल का नामकरण होने के बाद नगर निगम ने इसके सुंदरीकरण का निर्णय लिया है। इसके तहत निगम आयुक्त ने डीपीआर बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को सेतु के सुंदरीकरण करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश के तहत कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला, सहायक अभियंता सोमशेखर विश्वकर्मा, उप अभियंता रमनदीप सिंह छाबड़ा को नोडल को प्रभार सौंपा गया है। मालूम हो कि भगवान श्रीराम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में शहर के सबसे पुराने पुल को रामसेतु नाम देने का निर्णय लिया गया। जिसका विधायक अमर अग्रवाल नामकरण भी कर चुके हैं। वहीं अब शहरवासियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए सुंदरीकरण का निर्णय निगम ने लिया है। अब आने वाले दिनों में रामसेतु की सुंदरता पर चार चांद लग जाएगा, क्योंकि पहले ही निर्णय लिया जा चुका था कि पुल में वाक जोन बनाने के साथ बैठने के लिए कुर्सियां भी लगाई जाएंगी। इसके साथ ही हरा-भरा करने के लिए पौधे लगाए जाएंगे।

### खाने की नली व दिल से निकलने वाली खून की नस को कर रहा था ब्लॉक

# युवक की छाती से निकाला सात किलो का ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एम्स में कैंसर सर्जरी की ओपीडी में 22 साल का युवक महीनों से खांसी और खाना न खा पाने की समस्या के साथ पहुंचा। मरीज की स्थिति को देखते हुए सिटी स्कैन कराया गया।

जिसमें छाती में सात किलो का ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। ट्यूमर इतना बड़ा था कि मरीज की खाने की नली और दिल से निकलने वाली खून के एक मोटी नस को ब्लॉक कर रहा था। सर्जरी में देरी होने से मरीज की मौत तक होने का खतरा था।

### सर्जरी में देरी होने से हो सकती थी मौत

**खास बातें**

- महीनों से खांसी और खाना न खा पाने की समस्या से था परेशान



### निजी अस्पताल में होता तो हो जाते 15 लाख खर्च

निजी अस्पताल में सर्जरी का खर्च निजी में करीब 15 लाख रुपए आता है। वहीं एम्स में यह इलाज फ्री में हुआ है। युवक के रिश्तेदार का एम्स में स्तन कैंसर का इलाज चल रहा है। जब उन्हें युवक ने अपनी समस्या के बारे में बताया तो उसने एम्स में दिखाने की सलाह दी।

### बाएं फेफड़े में था ट्यूमर

मरीज के बाएं फेफड़े में एक ट्यूमर था, जो एक बड़े क्षेत्र में फैल गया था। टीम में कार्डियोथोरेसिक सर्जन (सीटीवीएस) डॉ. योगेश निवारिया, एनेसथिसिया विभाग के डॉ. हरीश व डॉ. शिखा थे।

### नए फैकल्टी के लिए ओरिएंटेशन

## डर्मेटोलॉजिस्ट समेत दर्जन भर विभाग में आए 52 विशेषज्ञ

**भोपाल**। राजधानी के एम्स में डर्मेटोलॉजिस्ट, एंड्रोक्रोनोलॉजिस्ट समेत करीब दर्जन भर विभाग में एक साल में 52 नए डॉक्टर आए हैं। सभी नवनियुक्त फैकल्टी के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एम्स निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि सभी नव नियुक्त फैकल्टी को अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देकर मरीजों की सेवा करें। डॉ. सिंह ने कहा कि संस्थान के मिशन के साथ हर डॉक्टर व स्टाफ अपने मिशन को भी तय करें। उसकी प्राप्ति के लिए सेवा भाव से प्रयास करे। सभी विभागों में बेहतर संचार की व्यवस्था बनाए। जिससे मरीजों को एम्स में वर्ल्ड क्लास की सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य में कोई समस्या न आए।

### उपजिला मूल्यांकन समिति तैयार कर रही प्रस्ताव

## प्रॉपर्टी के रेट बढ़ने की सुगबुगाहट से प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर काम चल रहा है। इस बीच प्रॉपर्टी के खरीदार भी शहर की लोकेशन्स पर प्रॉपर्टी के रेट बढ़ने की सुगबुगाहट से रजिस्ट्री करा रहे हैं। एक अप्रैल से रजिस्ट्री कराने पर नए रेट लागू होंगे। जिससे रजिस्ट्री कराना महंगा पड़ जाएगा। जिसको देखते हुए शहर के आईएसबीटी, गोविंदुपरा और परी बाजार स्थित पंजीयन दफ्तरों में भीड़ बढ़ गई है।

अब तक आम दिनों में जहां 100 से 150 रजिस्ट्री हो रहीं थी, वहीं अब रजिस्ट्री की संख्या 200 से अधिक हो गई है। नई कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिसको लेकर अधिकारियों में चर्चा भी चल रही है। इस वजह से लोग वर्तमान दर पर ही रजिस्ट्री कराने के लिए पंजीयन कार्यालय पहुंच रहे हैं। शनिवार को छुट्टी होने की वजह से रजिस्ट्री नहीं हुुई। अब रविवार को छुट्टी के बाद सोमवार से रजिस्ट्री की जाएगी। जिससे रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को आसानी रहेगी।

शहर से लगे बैरागढ़ कला से खजूरी और लांबाखेड़ा से बैरसिया रोड की तरफ हो रहे डेवलपमेंट, औद्योगिक विकास और अधिक रजिस्ट्रियों को आधार बनाकर 10 फीसदी तक जमीनों के रेट बढ़ाए जाएंगे। करोंद स्थित दो नई मार्केट और शहर की 14 लोकेशन पर 20 फीसदी तक रेट बढ़ाए जाएंगे।

## चिंतन

# बिहार में उम्मीदों के रथ पर सवार भाजपा-जदयू

बिहार का राजनीतिक समीकरण फिर से बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजग में आ गए हैं और बिहार में राजग की सरकार बन गई है। वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू-भाजपा गठबंधन वाले राजग को ही जनादेश मिला था। वर्ष 2022 में नीतीश ने जनादेश का अपमान करते हुए राजद व कांग्रेस के साथ महागठबंधन में जाकर सरकार बना ली थी, अब वर्ष 2024 तक आते आते करीब दो साल में उन्हें अपने राजनीतिक नुकसान का अंदाजा हुआ तो, उन्होंने अपनी गलती सुधारते हुए फिर से भाजपा के साथ सरकार बना ली। नीतीश को अपने पाले में लाकर भाजपा ने एकसाथ कई राजनीतिक निशाने साधे हैं। पहली बात तो नीतीश को अपने खेमे में लाकर भाजपा ने विपक्ष के गठबंधन 'इंडिया' को कमजोर कर दिया। दूसरी बात, महागठबंधन से जदयू के निकल जाने से राजद, कांग्रेस व वामदलों के गठबंधन कमजोर हो गए हैं। तीसरी अहम बात कि नीतीश कुमार को साथ लाकर भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग को मजबूत कर लिया है। बिहार में लवकुश (कुर्मी-कोइरी) समीकरण (लगभग छह प्रतिशत) के वोटबैंक बन गए हैं। नीतीश कुमार के महादलित व अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) वोट बैंक, जो करीब क्रमशः करीब 19 फीसदी व 36 फीसदी हैं, के अब भाजपा के साथ आ जाने से करीब साठ फीसदी वोटबैंक राजग के बन गए हैं। अब बिहार में महादलित, अत्यंत पिछड़ा व सवर्ण का सोशल समीकरण बन गया है, जो राजग के लिए अहम साबित होगा। नीतीश कुमार के जाति जनगणना मुद्दे की हवा निकल गई है। इससे पहले 2005 में, 2010 में, 2019 में और 2020 में इस समीकरण की बदौलत भाजपा व जदयू ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वर्ष 2024 के लिए इसी तरह के प्रदर्शन दोहराने के लक्ष्य के साथ भाजपा व जदयू दोनों उम्मीदों के नए रथ पर सवार हो गए हैं। वर्ष 2013 में जब एनडीए से अलग हुए तो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में व 2015 के विधानसभा में जदयू का बुरा हश्र हुआ था। इस बार राजग का लक्ष्य बिहार के सभी 40 लोकसभा सीट हैं, जो जदयू के बिना संभव नहीं था। भाजपा के लिए महाराष्ट्र से अच्छी रिपोर्ट नहीं है, तेलंगाना व कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बन चुकी है, तमिलनाडु व झारखंड की स्थिति भी अलग है, पश्चिम बंगाल में ममता को मात देना आसान नहीं है, ऐसे में बिहार को सुनिश्चित करना जरूरी है। राम मंदिर के बाद बने माहौल, नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में अगर नीतीश कुमार की सुशासन छवि जुड़ जाएगी, तो भाजपा के लिए बिहार फतह करना आसान हो जाएगा। बेशक हाल के दिनों में जदयू व भाजपा के बीच खटास रहे, लेकिन राजनीति में इन सबके लिए स्थाई जगह नहीं होती है। महागठबंधन से बाहर निकलने के लिए जदयू ने जिस तरह कांग्रेस के सिर ठिकरा फोड़ा है और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के बाद बने सियासी माहौल को भुनाया है, उससे साफ है कि नीतीश कुमार भविष्य की राजनीति के लिए सेफ गेम की तलाश में थे। नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि देते बिना किसी का नाम लिए कहा कि कर्पूरी ठाकुर अपने परिवार का पक्ष नहीं लेते थे लेकिन आज लोग परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं, उनका सीधा निशाना लालू यादव पर था। भाजपा परिवारवाद व वंशवाद की राजनीति पर कड़ा प्रहार करती रही है।



उम्मीद
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अंतरिम बजट के होंगे चुनावी रंग


> वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोक लुभावन बड़ी घोषणाएँ की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्वप्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। यह बात भी महत्वनपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है।

एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की तैयारियों का अंतिम चरण 24 जनवरी को हलवा वितरण समारोह के साथ आरंभ हुआ। पिछले तीन पूर्ण बजट की तरह नया अंतरिम बजट भी पूरी तरह से पेपरलेस होगा। वस्तुतः इस समय पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री के द्वारा पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट की ओर लगी हुई है।

वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है, लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोक लुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं।

निसंदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा और आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोक लुभावन बड़ी घोषणाएँ की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्वप्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा।

यह बात भी महत्वनपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। जहाँ पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं, वहीं, आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपए के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। निसंदेह वित्तमंत्री के मुठ्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर



संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा वित्तमंत्री के पास कुछ और अनुकूलताएं भी हैं, जिनके मद्देनजर वे उपयुक्त जरूरी राहत दे सकती हैं। इस वित्त वर्ष 2023-24 में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए वे अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं। यह बात भी स्पष्ट रूप से उभरकर दिखाई दे रही है कि पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूँकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं।

नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग कोकुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है।नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपए से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहाँ विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढाँचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती है, जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें। यह भी संभव है कि नए अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल जैसी सामाजिक मदों में खर्च की बढ़ोतरी हो। इन दिनों वेतनभोगी (सेलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हेंकुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत लगभक 50 हजार रुपए तक की राहत मिल सकती है। मानक कटौती सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये किए जाने और जिन मकानों में व्यक्ति खुद रह रहा हो, उस पर लिए गए आवास ऋण पर ब्याज पर कर छूट की सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर कम से कम 2.5 लाख रुपये किए जाने की अपेक्षा है।

चूंकि पीएम नरेंद्र मोदी वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे हैं। ऐसे में यदि केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाना है तो ढेर सारी लोक लुभावन योजनाओं के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है। अगले दो वर्षों में 1.4 फीसदी की कमी चुनौतीपूर्ण होगी। ऐसे में वित्तमंत्री के लिए अंतरिम बजट में कई चुनौतियां होंगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राजनीति
सुरेश हिंदुस्तानी



# तार-तार होता कांग्रेस का विपक्षी एकता का सपना

वर्तमान में राजनीति रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे हैं। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है। पश्चिम बंगाल और पंजाब की राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते।

आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस अन्य राजनीतिक




दलों उनकी महत्वाकांक्षाओं के साथ स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस की वर्तमान रवैए को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता। एक समय गठबंधन के मुख्य सूत्रधार कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अब विपक्षी गठबंधन को बाय बाय कह चुके हैं। वे राजग में लौट आए हैं। बिहार में नीतीश कुमार राजग की सरकार बना चुके हैं। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नीतीश कुमार को उतना राजनीतिक महत्व देना नहीं चाहती, जो वह चाहते थे। नीतीश के कदम ने कांग्रेस को झटका दे दिया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया से नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के निकलने को विपक्षी एकता के लिए जबरदस्त आघात के रूप में ही देखा जा रहा है। ऐसा करने के पीछे अनुमान यही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्वीकारोक्ति में वृद्धि की है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भले ही न्यायालय के आदेश पर हुआ हो, लेकिन इसके लिए भाजपा के योगदान को आज पूरा देश जानता है। आज बिहार की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यह कहना ठीक ही होगा कि वहां भले ही राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड के बीच बेमेल गठबंधन बनाकर सरकार का संचालन किया जा रहा था, लेकिन इन दोनों दलों के बीच विचारों की एकता नहीं थी। दोनों ही दल अपनी अपनी दाल पकाने में व्यस्त रहे। कहा तो यह भी जा रहा है कि लालू प्रसाद यादव अपने पुत्र को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान करने की राजनीति करने लगे थे। जिसे लिए जदयू में तोड़ फोड़ की भी असफल कोशिश की गई थी।

इसी प्रकार की स्थिति उत्तरप्रदेश की है, जहां कांग्रेस की राजनीतिक जमीन शून्यता की ओर कदम बढ़ा रही है। बसपा पहले ही एकला चलो का ऐलान कर चुकी है। बिहार का हश्र देखने के बाद सपा के साथ अंतिम समय में सीट शेयरिंग की है कांग्रेस ने। इस प्रकार की परिस्थिति के बीच कांग्रेस अपने राजनीतिक भविष्य की तस्वीर में किस प्रकार से रंग भरेगी, यह फिलहाल कहना मुश्किल है। कुल मिलाकर यही कहा जाएगा कि विपक्ष की एकता जो प्रयास किए जा रहे हैं, उसके समक्ष एक एक करके बड़े अवरोध भी स्थापित हो रहे हैं। इस अवरोधों का सामना करने की हिम्मत एकता से ही संभव हो सकती थी, जो फिलहाल असंभव सा ही लग रहा है। ऐसा लगने लगा है विपक्षी एकता के प्रयास तार-तार हो रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की अपनी राजनीति एक बड़ी बड़ी वजह है। विपक्षी राजनीतिक दलों को भविष्य की राजनीति की ओर कदम बढ़ाना है तो उसे भाजपा नीत राजग के बरक्श पूरी तैयारी के साथ आगे आना होगा, जो फिलहाल दिखाई नहीं दे रही है। कांग्रेस को केवल अपने बारे में सोचने से बात नहीं बनेगी, सबको साथ लेना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## रिलेशनशिप इन बातों से हो सकती है स्ट्रांग



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। *-श्री श्री रविशंकर*

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




### आज की पाती

**हानिकारक है प्लास्टिक का कचरा**

स्वच्छता का लक्ष्य और स्वच्छ भारत का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक प्लास्टिक का प्रयोग शत-प्रतिशत बंद नहीं होता। हमारे देश में प्लास्टिक कचरा भी बढ़ता जा रहा है, कूड़े के ढेर में सबसे ज्यादा पॉलीथिन बैग ही नजर आते हैं। प्लास्टिक के कचरे को जला कर भी नष्ट नहीं किया जा सकता। इसे जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश में सबसे ज़्यादा प्लास्टिक कचरा बोतलों का भी होता है। देश के नागरिक और विदेशी लोग भी जब किसी कारण हमारे देश आते हैं, तो ये भी पानी की प्लास्टिक की बोतलों को इधर-उधर फैंक कर प्लास्टिक कचरे को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक का दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रयोग लोगों की सेहत पर तो भारी पड़ ही रहा है, साथ ही प्रकृति को दूषित करने का काम भी कर रहा है। *- संजय साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

# भारत-अमेरिकी संबंधों में हो रहे बदलाव: संधू

अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत एवं अमेरिका के संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं जो कि द्विपक्षीय संबंधों की अभी सिर्फ शुरुआत है तथा इस दीर्घकालिक रिश्ते का दायरा अभी और बढ़ेगा। संधू ने यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि यहां रह रहे भारतीयों की दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि आज भारत में अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें।'




संधू 35 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद इस महीने के अंत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संधू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने से सभी युवा भारतीय अमेरिकियों को नौकरी के अधिकतर अवसर प्राप्त करने का विशिष्ट अवसर मिलेगा। संधू ने कहा, 'इसलिए न केवल भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों से भी भारत से जुड़े रहें।'

## ऑफ बीट

# स्वाद हमारे खाने को गति देने में देता है मदद

एक वैज्ञानिक के रूप में जो भूख और वजन नियंत्रण की जांच करता है, मुझे इस बात में दिलचस्पी है कि हमारा दिमाग किस तरह से हमें बताता है



कि हमने पर्याप्त मात्रा में भोजन खा लिया है। हमें जैसे-जैसे अपना पेट भरा हुआ महसूस होने लगता है, हम खाने की गति धीमी कर देते हैं। दशकों से, वैज्ञानिकों ने यही सोचा है कि गति में यह परिवर्तन केवल पेट और आंतों से मस्तिष्क तक आने वाले संकेतों से प्रेरित था। लेकिन यूसी सैन फ्रांसिस्को में मेरी प्रयोगशाला के एक नए अध्ययन से पता चला है कि वास्तव में, एक और प्रक्रिया काम कर रही है, और यह जैसे ही हम अपने भोजन का स्वाद लेते हैं, शुरू हो जाती है। इस प्रक्रिया के बारे में अभी अधिक पता नहीं चला है क्योंकि हम किसी जानवर के भोजन करते समय उसके मस्तिष्क की संबंधित गतिविधि का निरीक्षण नहीं कर पाए हैं। इसमें शामिल न्यूरॉन्स मस्तिष्क तंत्र में गहरे होते हैं। मेरी प्रयोगशाला में एक स्नातक छात्र, ट्रूओंग ली ने नई तकनीकें विकसित कीं, जिससे हमें चूहों में पहली बार इन न्यूरॉन्स की गतिविधि को देखने की अनुमति मिली। 'न्यूरॉन' तंत्रिका तंत्र में स्थित एक कोशिका है।

## ट्रेंड

### नीतीश को बधाई



बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ऊर्जा, बुद्धि का प्रबंधन करेंगे



एक बार जब आपको यह एहसास हो जाए कि आपका समय सीमित है, तो आप अनुभव की अधिकतम गहराई और दुनिया में अधिकतम प्रभाव उत्पन्न करने के लिए अपनी ऊर्जा, बुद्धि और क्षमताओं का प्रबंधन करेंगे।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### आज वह सच हो गया



देश में 'आया राम-गया राम' जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजस्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। आज वह सच हो गया।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### शाश्वत रोमांच का उदाहरण



भारत और इंग्लैंड के बीच हो रहे कड़े मुकाबले के साथ ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की अप्रत्याशित जीत वास्तव में टेस्ट क्रिकेट के शाश्वत रोमांच, नाटक और रोमांस का उदाहरण है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# ‘प्राण प्रतिष्ठा’ ने करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधा, नारी शक्ति दिखी

## ‘मन की बात’ के 109 वें एपिसोड में पीएम मोदी ने राम मंदिर के साथ गणतंत्र दिवस पर चर्चा की

### महिला टुकड़ियों का करतब देश-दुनिया में छाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 109वें एपिसोड के जरिए देश को संबोधित किया। संबोधन की शुरुआत में पीएम ने गणतंत्र दिवस और अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर चर्चा की। राममला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पीएम ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है।

सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम हैं। 22 जनवरी की शाम पूरे देश ने रामज्योति जलाकर दिवाली मनाई। पीएम मोदी ने कहा कि दो दिन पहले हम सभी देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया।




#### पहली बार महिलाएं छाई रहीं

पीएम ने कहा कि इस बारपरेड कई मायनों में बेहद खास रही। सबसे ज्यादा चर्चा परेड में नारी शक्ति की हुई। जब कर्तव्य पथ पर केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया तो सभी गर्व से भर उठे। 100 महिलाओं ने शंख, नगाड़ा और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर इसका आगाज किया। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। पीएम ने फर्स्ट टाइम वोटर्स से अनुरोध किया कि वोटर लिस्ट में अपना नाम जरूर लिखवाएं। पंजाब केसरी लाला लाजपत राय और फील्ड मार्शल केएम करियप्पा की जयंती पर दोनों को श्रद्धांजलि दी।

#### अर्जुन पुरस्कार पाने वाली महिला खिलाड़ियों की तारीफ

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार अर्जुन अवॉर्ड समारोह में भी जिस एक बात ने लोगों का खूब ध्यान खींचा। इस बार 13 महिला खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इन महिला खिलाड़ियों ने कई बड़े टूर्नामेंट्स में हिस्सा लिया और भारत का परचम लहराया। शारीरिक चुनौतियां, आर्थिक चुनौतियां, इन साहसी और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के आगे टिक नहीं पाईं।

#### विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को भी सराहा

#### सेल्फ हेल्प ग्रुप्स ने फहराया परचम

पीएम ने कहा कि एक और क्षेत्र है जहां महिलाओं ने अपना परचम लहराया है, वो है- सेल्फ हेल्प ग्रुप्स। आज महिला स्वयंसेवी समूहों की देश में संख्या भी बढ़ी है और उनके काम करने के दायरे का भी बहुत विस्तार हुआ है। वह दिन दूर नहीं, जब आपको गांव-गांव में खेतों में, नमो ड्रोन दीदियां, ड्रोन से खेती में मदद करती दिखाई देंगी।

#### पद्म पुरस्कार ने किया प्रेरित

पीएम ने कहा कि पद्म सम्मान पाने वालों में हर किसी का योगदान देशवासियों को प्रेरित करने वाला है। इसमें बड़ी संख्या उन लोगों की है, जो शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य आदि से हैं।

#### आयुष मंत्रालय के डेटा वर्गीकरण से होगी सुविधा

पीएम ने कहा कि मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी चिकित्सा से जुड़े डेटा और शब्दावली का वर्गीकरण किया है, इससे वर्गीकरण में सुविधा होगी।

## खबर संक्षेप

### लाखों कैश व ज्वेलरी लेकर भागी ‘दुल्हन’



**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले के कोसली में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां एक दुल्हन शादी के दो महीने के भीतर दूसरी बार भाग गई। पहली बार तो वह वापस आ गई थी, लेकिन दूसरी बार अपने साथ सवा लाख रुपए कैश और तीन लाख रुपए के गहने भी ले गई। उसके पति ने तलाश की तो सीसीटीवी फुटेज में प्रेमी के साथ बाइक पर जाती दिखाई दी। केस दर्ज किया गया है।

### राम मंदिर पर भड़काऊ पोस्ट, 2 लोग गिरफ्तार



**अयोध्या।** राम मंदिर को लेकर भड़काऊ रील बनाकर एक युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट की है। इसमें दो युवक आपत्तिजनक व भड़काऊ बातें बोलते दिख रहे हैं। रील में युवक भड़काऊ बातें कहने के बाद आखिर में बोलते हैं कि जो बीच में आएगा उसका सिर तन से जुदा हो जाएगा। ये रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### हॉस्टल में इंजीनियरिंग छात्रा ने बच्चे को ‘जन्मा’



**नंदयाला।** आंध्र प्रदेश में नंदयाला जिले के पन्याम मंडल स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने हॉस्टल में एक बच्चे को जन्म दिया है। ज्यादा ब्लीडिंग होने से छात्रा की मौत हो गई है। यह छात्रा तीन महीने पहले ही इस हॉस्टल में रहने के लिए आई थी। शुक्रवार की शाम को उसने खुद ही फोन कर पेट में दर्द होने की जानकारी अपने परिजनों को दी थी।

### सुक्खू ने 42 एचएएस अफसरों का किया तबादला



**शिमला।** हिमाचल की सुक्खू सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले पहला बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। रविवार को सरकार ने 42 एचएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें से 12 एसडीएम बदले गए हैं, जबकि 13 को नियुक्ति दी गई है। कुछ एडीसी और एडीएम स्तर के अधिकारी भी बदले गए हैं। एडीएम कांगड़ा रोहित राठौर को एडीसी व परियोजना अधिकारी मंडी बनाया है।

### सुभासपा का टूटा मंच बाल-बाल बचे ओपी



**हुमायूंपुर।** सुहेलदेव भाजपा की हुमायूंपुर में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर उस समय बाल-बाल बच गए जब मंच के पीछे का हिस्सा अचानक से गिर गया। वहीं इस दौरान मंच पर पीछे खड़े कई समर्थक नीचे गिर गए जिन्हें हल्की-फुल्की की चोट भी आईं। बताया जा रहा है कि यह मंच जब गिरा था तब राजभर के साथ उनके पुत्र भी मंच पर थे।

## सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती पर दिल्ली में कार्यक्रम, सुप्रीम कोर्ट के 75 साल पूरे

# आज बन रहे कानून, कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगे

### हीरक जयंती समारोह में बोले पीएम मोदी

**केंद्र ने ‘भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता’, ‘भारतीय न्याय संहिता’ और ‘भारतीय साक्ष्य अधिनियम’ की व्यवस्था शुरू**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती के अवसर पर दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए।

पीएम मोदी ने कहा कि ‘औपनिवेशिक आपराधिक कानूनों को समाप्त करके ‘भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता’, ‘भारतीय न्याय संहिता’ और ‘भारतीय साक्ष्य अधिनियम’ की व्यवस्था शुरू की। इन बदलावों से हमारी कानूनी पुलिसिंग और जांच प्रणाली एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। मैं सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध करता हूं कि वह भी इसी तरह की क्षमता-निर्माण प्रक्रिया के लिए आगे आए। सरकार लगातार कई निर्णय ले रही है, जिससे विश्वसनीय न्यायिक प्रणाली बन सके। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। इससे न्यायिक व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ कम होगा। सुप्रीम कोर्ट ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को समृद्ध किया है। भारत की आज की आर्थिक नीतियां और आज जो कानून बन रहे हैं, वही कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगे।

पीएम मोदी ने कहा- सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध करता हूं कि वह भी इसी तरह की क्षमता-निर्माण प्रक्रिया के लिए आगे आए

जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। इस कदम से न्यायिक व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ भी कम होगा



#### भारतीय नागरिक न्याय तक आसानी से पहुंचने के हकदार

आज पूरी दुनिया की नजर भारत पर है और भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है। भारत के लिए हर अवसर का लाभ उठाना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा भारतीय नागरिक न्याय तक आसान पहुंच के हकदार हैं और सुप्रीम कोर्ट की इसमें अहम भूमिका है। पूरी न्याय प्रणाली, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर काम करती है। पीएम मोदी ने कहा ‘पिछले हफ्ते ही सुप्रीम कोर्ट भवन परिसर के विस्तार के लिए बीते हफ्ते ही 800 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। ई-कोर्ट मिशन के तीसरे चरण के लिए दूसरे चरण की तुलना में चार गुना ज्यादा राशि मंजूर की गई है।

### मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले

#### सुप्रीम कोर्ट सुरक्षा कवच का काम कर रही

कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना इस भावना के साथ की गई थी कि यहां कानूनों की व्याख्या कानून के शासन के अनुसार की जाएगी न कि औपनिवेशिक मूल्यों या सामाजिक पदानुक्रम के आधार पर। यह विश्वास को मजबूत करता है कि न्यायपालिका अन्याय, अत्याचार और मनमानी के खिलाफ एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करती है।

#### ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म का उन्नत संस्करण मिला

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब हमारे पास एक बटन पर क्लिक करके मामले दायर करने की सुविधा है। मई 2023 में ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म का उन्नत संस्करण लॉन्च किया गया था। इसमें 24 घंटे मामले दर्ज करने की सुविधा तेज होगी। ई-फाइलिंग से दर्ज मामलों की संख्या बढ़ रही है। बार और बेंच की मदद से कोरोना काल के बाद से वर्चुअल सुनवाई के मामले बढ़े हैं।

#### कानून मंत्री मेघवाल ने कहा

#### भारत के निर्माण में कानूनी बिरादरी की अहम भूमिका



कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ और 28 जनवरी 1950 को सुप्रीम कोर्ट ने काम करना शुरू कर दिया था। भारत निर्माण में कानूनी बिरादरी की अहम भूमिका रही है।

## एक देश-एक चुनाव पर चौथी बैठक

# एक साथ चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगी ‘गति’

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने की अध्यक्षता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक राष्ट्र एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) के अध्यक्ष भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में शनिवार को चौथी बैठक संपन्न हुई। इस दौरान भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति यूयू ललित और मद्रास के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी के साथ परामर्श किया।

उच्च न्यायालय और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि इससे जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत होगा। समिति के समक्ष एनके सिंह और प्राची मिश्रा द्वारा सह-लिखित शोध पत्र ‘मैक्रोइकोनॉमिक इम्पैक्ट ऑफ हार्मोनाइजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंस फ्रॉम इंडिया’ पर आधारित एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें संकेत दिया गया कि देश में एक साथ चुनाव कराने से उच्च आर्थिक विकास में तेजी आएगी और इसके परिणामस्वरूप व्यय में अधिक सरकारी निवेश होगा।

#### आर्थिक विकास में आएगी तेजी

इसके पहले एक देश एक चुनाव समिति की चौथी बैठक भी हुई थी, जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद,15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, डॉ. सुभाष सी. कश्यप, पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी,और वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने भाग लिया। पूंजी और राजस्व पर, क्योंकि मुफ्त चीजों पर खर्च कम होगा। कोविंद ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी,गोवा के अध्यक्ष दीपक ‘पांडुरंग’ धवलीकर के साथ बातचीत की। पार्टी ने अन्य बातों के साथ-साथ एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को अपना समर्थन देने का वादा किया है।

#### कई पार्टियों ने दिया समर्थन

इसी बीच राजनीतिक दलों के साथ चर्चा जारी रखते हुए रामनाथ कोविंद ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी,गोवा के अध्यक्ष दीपक ‘पांडुरंग’ धवलीकर के साथ बातचीत की। पार्टी ने अन्य बातों के साथ-साथ एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को अपना समर्थन देने का वादा किया है।

## जलपाईगुड़ी से निकली कांग्रेस की ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’

# आज देश निर्णायक मोड़ पर, न्याय के अभियान में आप भी योगदान दें

एजेंसी ▶▶ जलपाईगुड़ी

बिहार में राजनीतिक हलचल और भारी उलटफेर के बीच राहुल गांधी की अगुवाई में ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी से फिर शुरू हुई। राहुल यात्रा शुरू करने के लिए आज सुबह बंगाल पहुंचे।

यह यात्रा 2 दिन के ब्रेक के बाद फिर से शुरू हुई है। राहुल ने फिर से यात्रा निकालने से पहले सोशल मीडियाएक्स पर लिखा, आज देश निर्णायक मोड़ पर है। ढेरों बलिदानों के बाद मिले अधिकारों की रक्षा के लिए न्याय के इस अभियान में अपना योगदान दें। इस ऐतिहासिक जंग में अपना नाम दर्ज कराएं।

#### दोपहर बाद शुरू हुई यात्रा



कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने सिलीगुड़ी के बागडोगरा एयरपोर्ट पर राहुल का स्वागत किया। यहीं से ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ दोपहर में फिर से शुरू हुई।

**पहले कुछ बैनर फाड़ दिए गए**

इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने टीएमसी नेता और सीएम ममता बेनर्जी को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि राज्य में कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित हों। कांग्रेस ने आरोप लगाए गए थे कि कुछ बैनर फाड़ दिए गए थे।

### उप- मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ज्यादा धनवान



**पटना।** वर्ष 2020 के हलफनामे के मुताबिक सम्राट चौधरी के पास कुल 16 लाख 83 हजार 93 कैश हैं। उनके पास 1,32,58,408 रुपए की एग्रीकल्चर लैंड, जबकि 5,21,56,744 रुपए की नॉन एग्रीकल्चर लैंड है। विजय सिन्हा के पास 8,93,71,448 रुपए की जमीन से लेकर अन्य संपत्तियां हैं। सिन्हा और उनके परिवार के बैंक खातों में 70 लाख रुपए जमा हैं, जबकि कैश 1 लाख रुपए हैं। वहीं कमर्शियल, एग्रीकल्चर और आवास मिलाकर इनके पास कुल 7.15 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

## तमिलनाडु का ऊटी बना कश्मीर



#### बर्फ की चादर में सिमटी पहाड़ी

*नई दिल्ली। तमिलनाडु के मशहूर पहाड़ी इलाके ऊटी में रविवार को पारा गिरकर 1.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम की वजह से बर्फ की चादर ऊटी में देखने को मिली। इस क्षेत्र में रह रहे लोग आग के सामने बैठे नजर आएं। निलगीरी जिले के इस पहाड़ी क्षेत्र में हर साल नवंबर से फरवरी के बीच इस तरह का नजारा देखने को मिलता है। निलगिरी में कंथाल, पिंकर पोस्ट, थलाई कुंडा के आसपास में भी यही नजारा देखा जा रहा है।*

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में इसे पति का कर्तव्य बताया

# नौकरी नहीं तो भी मजदूरी करके पत्नी को गुजारा भत्ता दो

एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

नौकरी से आय न होने के बावजूद पत्नी का भरण-पोषण करना एक पति का कर्तव्य है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने कहा कि अगर पति की नौकरी से कोई आय नहीं है तो भी वह अपनी पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करने के लिए बाध्य है।

कोर्ट ने कहा कि वह एक अकुशल मजदूर के रूप में प्रतिदिन लगभग 300-400 रुपए कमा सकता है। जस्टिस रेनू अग्रवाल ने पारिवारिक अदालत के उस आदेश के खिलाफ व्यक्ति की पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। आदेश में उसे अपनी अलग रह रही पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 2,000 रुपए मासिक देने को कहा गया था।

पति पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करने के लिए बाध्य

रोजाना वह 300-400 रुपए तक तो कमा ही सकता है

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने दिया फैसला



**निचली अदालत के फैसले को दी थी चुनौती**

न्यायमूर्ति अग्रवाल ने निचली अदालत के न्यायाधीश को पत्नी के पक्ष में पहले से दिए गए गुजारा भत्ते के आदेश के तहत वसूली के लिए पति के खिलाफ सभी उपाय अपनाने का निर्देश दिया। पति ने परिवार अदालत के आदेश को चुनौती देते पुनरीक्षण अर्जी दी थी, जिसमें पत्नी को 2000 का गुजारा भत्ता देने को चुनौती दी थी।

#### पति की दलील को किया खारिज

पति ने दलील दी कि परिवार अदालत इस बात पर विचार करने में विफल रही कि पत्नी स्नातक है और शिक्षण पेशे से प्रति माह 10000 रुपए कमा रही है। यह भी कहा कि वह गंभीर रूप से बीमार है और डॉक्टर से इलाज करा रहा है। उसने यह भी दलील दी कि वह मजदूरी करता है और किराए के कमरे में रहता है और उसे अपने माता-पिता और बहनों की देखभाल करनी है। दोनों की शादी 2015 में हुई थी। वह 2016 से अपने माता-पिता के साथ रह रही है।

#### पति नहीं दे सका ठोस सबूत

हाईकोर्ट ने कहा कि पति इस बात का कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका कि पत्नी शिक्षण पेशे से 10,000 रुपए कमा रही है। इस दलील को इनकार कर दिया कि उसे अपने पिता, मां और बहनों की देखभाल करनी है जो उस पर निर्भर हैं। खेती- बाड़ी से अपना परिवार चलाते हैं।

## राज ठाकरे के बिगड़े बोल

# हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं..., सुनने पर कानों को परेशानी हो रही

एजेंसी ▶▶ मुंबई



नवी मुंबई के सिडको प्रदर्शनी केंद्र में विश्व मराठी सम्मेलन में मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने एक बार फिर मराठी कार्ड खेला है। यहां उन्होंने कहा कि ‘मैं आज तक मराठी के विषय पर जेल भी गया हूं। मैं कड़वा मराठी हूं। मेरे लिए संस्कार ऐसे ही बन गए हैं। हमें सबसे पहले महाराष्ट्र पर ध्यान देने की जरूरत है। मराठी मानुष पूरी दुनिया में गया है। इसके लिए उन्हें बधाई।

राज ठाकरे ने कहा कि ‘लेकिन जब महाराष्ट्र के शहरों में मराठी छोड़ कर हिंदी मेरे कानों में आती है तो परेशानी शुरू हो जाती है। भाषा का कोई विरोध नहीं है। लेकिन हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं है। अन्य भाषाओं की तरह हिंदी भी एक भाषा है। देश में कभी भी राष्ट्रभाषा का फैसला नहीं किया गया। राज ने अनुरोध किया कि महाराष्ट्र सरकार को राज्य के सभी स्कूलों में पहली से 10वीं कक्षा तक मराठी भाषा अनिवार्य करनी चाहिए। दर्शकों से अपील की कि वे अपने सामने आने वाले हर व्यक्ति से मराठी में बात करें।

## खबर संक्षेप

### पीएनबी ने 2023-24 के लिए बढ़ाया मुनाफे का अनुमान




**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने मुनाफे का अनुमान बढ़ाकर 7,000-7,500 करोड़ रुपये कर दिया है। बैंक ने तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने इससे पहले कहा था कि चालू वित्त वर्ष में उसका मुनाफा 6,000 करोड़ रुपये रह सकता है।

### बाजार पूंजीकरण में नुकसान एचडीएफसी बैंक को




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स मार्च से 11 परियोजनाएं करेगी शुरू




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स इस तिमाही में मुंबई, पुणे और बेंगलुरु में 11 परियोजनाएं शुरू करेगी। इन परियोजनाओं की कुल राजस्व क्षमता 6,260 करोड़ रुपये है। मैक्रोटेक डेवलपर्स की मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे में उपस्थिति है। कंपनी लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों को बेचती है।

# लाल सागर मार्ग से देश का निर्यात 50 फीसदी, आयात 30 फीसदी

एजेंसी ⏭ मुंबई

लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है।

- हुती विद्रोहियों ने यहां से गुजरने वाले जहाजों पर नवम्बर से हमले शुरू किए

क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

**क्रिसिल रेटिंग्स ने पड़ने वाले प्रभाव को लेकर जारी की रिपोर्ट**

**18 लाख करोड़ रुपए का निर्यात इसी मार्ग से**

पिछले वित्त वर्ष में देश से 18 लाख करोड़ रुपये का निर्यात (50 प्रतिशत) और 17 लाख करोड़ रुपये का आयात (30 प्रतिशत) इन क्षेत्रों से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश का कुल माल व्यापार 94 लाख करोड़ रुपये था। इसमें मूल्य का 68 प्रतिशत और मात्रा का 95 प्रतिशत समुद्री मार्ग से हुआ था।



**विद्रोहियों पर अमेरिका व ब्रिटेन का भी जवाबी हमला**

फिलहाल अमेरिकी और ब्रिटेन की सेना भी विद्रोहियों पर जवाबी हमले में लगी हुई है। घरेलू कंपनियां यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के हिस्से के साथ व्यापार करने के लिए स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर मार्ग का उपयोग करती हैं।

*लंबे मार्ग के कारण आपूर्ति का समय बढ़ा :* नवंबर, 2023 से लाल सागर क्षेत्र मार्ग से जाने वाले जहाजों पर बढ़ते हमलों ने जहाजों को 'केप ऑफ गुड होप' के वैकल्पिक लंबे मार्ग पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है।

*60 फीसदी रॉक फॉस्फेट जॉर्डन व मिस्र से आयात*
देश 30 प्रतिशत डीएपी सऊदी अरब से, 60 प्रतिशत रॉक फॉस्फेट जॉर्डन एवं मिस्र से और 30 प्रतिशत फॉस्फोरिक एसिड जॉर्डन से आयात करता है। कृषि वस्तुओं और समुद्री खाद्य पदार्थों जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों को अपने माल की खराब प्रकृति और/या कम मार्जिन के कारण महत्वपूर्ण प्रभाव देखने को मिल सकता है।

*कंटेनर माल ढुलाई दरें 300 प्रतिशत बढ़ी :* नवंबर, 2023 से शंघाई उत्तरी यूरोप कंटेनर माल ढुलाई दरें 300 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 6,000-7,000 अमेरिकी डॉलर/टीईयू हो गई हैं। दूसरी ओर, कपड़ा, रसायन और पूंजीगत सामान जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों पर तुरंत प्रभाव नहीं पड़ सकता है, क्योंकि उनके पास उच्च लागत को वहन करने की बेहतर क्षमता है, या कमजोर व्यापार चक्र भी इसका एक कारण है।

### चुनाव को देख लोकलुभावन योजनाएं पेश की जा सकती है

# बजट में 'मोदी की गारंटी' छाए रहने की संभावना : पूर्व वित्त सचिव गर्ग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में 'मोदी की गारंटी' की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं।

यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

**2019 के चुनाव से पहले पेश हुआ था अंतरिम बजट**

गर्ग ने कहा, 'वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिये मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं।'

**बजट में मध्यम वर्ग और किसानों के हितों को मिल सकती है प्राथमिकता**




**30 करोड़ असंगठित श्रमिकों पर होगा ध्यान**

पूर्व वित्त सचिव ने कहा, ''असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी और वेतन कटौती को लेकर काफी संकट है। केंद्र सरकार के पास असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ श्रमिकों का आंकड़ा है। वित्त मंत्री इन श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए कुछ घोषणाएं कर सकती हैं। उन्हें सालाना कुछ नकद राशि देने की घोषणा की जा सकती है।''

- राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत ले सकते हैं
- वित्तमंत्री सीतारमण का यह लगातार छठवां बजट होगा

*75 करोड़ मतदाता होंगे लक्ष्य :* पूर्व वित्त सचिव ने कहा, 'सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों - को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं।

**पीएम किसान निधि जारी रख सकते हैं**

उस समय वित्त मंत्री की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मध्यम वर्ग को आकर्षित करने के लिए पांच लाख रुपये तक की कर-योग्य आय को आयकर से छूट दी थी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को सालाना 6,000 रुपये नकद भी उपलब्ध कराने की घोषणा की।

**पुरानी घोषनाओं पर दिया जाएगा ध्यान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कई घोषणाएं कीं। इसमें अन्य बातों के अलावा 450 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर, गरीब महिलाओं को 1,250 रुपये का नकद हस्तांतरण, 21 साल की उम्र की तक गरीब लड़कियों को दो लाख रुपये आदि की घोषणाएं शामिल हैं और इन्हें 'मोदी की गारंटी' का नाम दिया गया।

**वित्तीय सहायता देने की संभावना**

बिहार सरकार ने हाल ही में 6,000 रुपये प्रति माह से कम आय वाले 94 लाख गरीब परिवारों को दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। इसको देखते हुए अंतरिम बजट में इस तबके को प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सहायता दिये जाने की संभावना है।

## सीएमपीडीआई में पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया



**रांची।** सीएमपीडीआई में ध्वजारोहण कर पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार रहे। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार (माइनिंग) ए.के. राणा, कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा श्रीमती रूपाली गुप्ता, श्रीमती किरण झा, जेसीसी सदस्य एवं श्रमिक प्रतिनिधि, सीएमओएआई के प्रतिनिधि सहित सीएमपीडीआई परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री कुमार ने कहा कि विभाग की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोयला एवं गैर-कोयला क्षेत्र में एनएमईटी के माध्यम से अन्वेषण का पूरा प्रयास किया जा रहा है। अभी तक कुल 41 प्रस्ताव दिए गए हैं जिसमें गैर कोयला ब्लॉक्स के 4 प्रस्ताव सहित कुल 27 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए है वहीं गैर कोयला क्षेत्र में अन्वेषण के तहत सीएमपीडीआई ने 1 बॉक्साइट ब्लॉक की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है एवं कॉपर, लेड और जिंक जैसे बेस मेटल में एक प्रोजेक्ट में अन्वेषण शुरू हो गया है। दिसम्बर, 2023 तक कुल 242 रिपोर्ट तैयार कर लिया गया है जिसमें 22 जियोलाजिकल रिपोर्ट्स (जीआर) और 24 प्रोजेक्ट प्रतिवेदन (पीआर) शामिल हैं। 22 जीआर के जरिए लगभग 449 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को शामिल कर विस्तृत अन्वेषण के माध्यम से 8 बिलियन टन अतिरिक्त कोल रिजर्वस को प्रमाणित श्रेणी में लाया गया है। देश के कुल कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की भागीदारी 79 प्रतिशत है।

### सीएनएच इस साल भारत में पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इतालवी-अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है। कंपनी इस साल 30-40 हॉर्सपावर (एचपी) से कम की कॉम्पैक्ट ट्रैक्टर श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेगी। साथ ही कंपनी का इस साल 1,000 बेलर मशीनें (पराली प्रबंधन के लिए उपयोग की जाने वाली) बेचने का लक्ष्य है।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान–पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख–रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** – मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


### बिन्नी बंसल का फ्लिपकार्ट के निदेशक मंडल से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल ने कंपनी के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बयान में यह जानकारी दी। बंसल ने लगभग छह महीने पहले कंपनी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी थी।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

**जॉब**

☛फ्रॉड कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, कमाएं (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता WHATSAPP करें- 9241650814

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# अंतरिम बजट तय करेगा शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अंतरिम बजट, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा निवेशक आगे के संकेतों के लिए विदेशी निवेशकों की गतिविधियों तथा वैश्विक रुख पर नजर रखेंगे। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर विनिर्माण क्षेत्र के लिए पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) का आंकड़ा बृहस्पतिवार को आएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी (बृहस्पतिवार) को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक 30 और 31 जनवरी को होगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले बाजार एक दायरे में रहेगा। माना जा रहा है कि इस बैठक में अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर को यथावत रखेगा और आगे नीतिगत दर में कटौती की समयसीमा के बारे में संकेत देगा। इसके अलावा बीओई (बैंक ऑफ इंग्लैंड) की मौद्रिक नीति भी आने वाली है। साथ ही कुछ प्रमुख आर्थिक आंकड़े आने हैं, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है।

## महिंद्रा की ऑल- इलेक्ट्रिक एक्सयूवी 400 प्रो रेंज पेश




**मुंबई।** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज 15.49 लाख की शुरुआती कीमत पर एक्सयूवी400 प्रो रेंज के लॉन्च की घोषणा की। नवीनतम प्रो रेंज में तीन नए वेरिएंट पेश किए गए हैं। ईसी प्रो (34.5 किलोवाट बैटरी, 3.3 किलोवाट एसी चार्जर), ईएल प्रो (34.5 किलोवाट बैटरी, 7.2 किलोवाट एसी चार्जर) और ईएल प्रो (39.4 किलोवाट बैटरी, 7.2 किलोवाट एसी चार्जर), प्रत्येक उन्नत सुविधाएँ और बेहतर आराम प्रदान करती है। महिंद्रा ऑल- इलेक्ट्रिक एक्सयूवी400 में गैर-लक्जरी सेगमेंट में सबसे तेज़ त्वरण है; महज़ 8.3 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटा, टॉप स्पीड 150 किमी प्रति घंटा। सी-सेगमेंट एसयूवी श्रेणी में परिचालन करने वाली, एक्सयूवी 400 4200 मिमी लंबी है और इसमें 2600 मिमी का व्हीलबेस है, जो इसके यात्रियों को न केवल उत्कृष्ट केबिन स्पेस और लेगरूम प्रदान करता है, बल्कि 378 लीटर / का सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास बूट स्पेस भी प्रदान करता है। 418 लीटर (छत तक)। एक्सयूवी400 अपने सेगमेंट में उच्चतम शक्ति 110 किलोवाट (150पीएस) और 310 एनएम टॉर्क प्रदान करता है।

# मुथूट फाइनेंस को 'नेतृत्व' के लिए ब्रिक्स बिजनेस अवार्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी वित्तीय संस्थानों में से एक, मुथूट फाइनेंस को 19 जनवरी 2024 को ली मेरिडियन, नई दिल्ली में एक शानदार पुरस्कार समारोह के दौरान प्रतिष्ठित 'ब्रिक्स-सीसीआई बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड इन लीडरशिप' से सम्मानित किया गया। यह विशिष्ट पुरस्कार द मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट को पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं जम्मू-कश्मीर रियासत के महाराजा डॉ. करण सिंह द्वारा के साथ प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में केजे अल्फोंस, पूर्व केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य सम्मानित अतिथियों की भी उपस्थिति रही। निर्णायक मण्डल में न्यायमूर्ति नजमी वज़ीरी, पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति विक्रमजीत सेन, पूर्व न्यायाधीश, भारत के सर्वोच्च न्यायालय, एएमबी अमरेंद्र खटुआ, डॉ. एस.वाई. क़ुरैशी, आईएएस (सेवानिवृत्त), भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, पद्मश्री डॉ. उमा तुली, पद्मश्री डॉ. शोवना नारायण रुमझुम चटर्जी, अध्यक्ष, सीआईआई राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण परिषद शामिल थे।

## शब्द पहेली - 5408



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट–डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप–रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

**शब्द पहेली- 5407 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5418

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5417 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# यानिक सिनर ने खिताब जीत रचा इतिहास
# ऑस्ट्रेलियाई ओपन को मिला नया चैंपियन

**3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से जीता मैच**

**मेदवेदेव की 6 ग्रैंडस्लैम फाइनल में पांचवीं हार**

मेलबर्न। यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम में छह फाइनल में यह पांचवीं हार है।




### 10 साल बाद मिला नया विजेता

ऑस्ट्रेलियन ओपन को 10 साल बाद कोई नया चैंपियन मिला है। पिछली बार 2014 में स्विट्जरलैंड के स्टैन वावरिंका खिताब जीते थे। उनके बाद कोई नया चैंपियन नहीं मिला था। साल 2004 से स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर, सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के राफेल नडाल ही इस टूर्नामेंट को जीत रहे हैं। 2004 से फेडरर छह बार चैंपियन बने। जोकोविच ने उनसे ज्यादा 10 बार खिताब अपने नाम किया। वहीं, नडाल दो बार चैंपियन बने। इस बीच रूस के मराट साफिन 2005 और वावरिंका 2014 में सफल हुए थे।

### पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते, चौथे हारे

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की।



### सू वेई-मर्टेंस को महिला युगल खिताब

ताईवान की 38 वर्ष की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने 11वीं वरीयता प्राप्त लाटविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब था जबकि मर्टेंस ने चौथी बार जीता है। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन महिला युगल खिताब जीता था। मार्टिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

---

## खबर संक्षेप



### शाजी की बर्खास्तगी के लिए बैठक कल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। उच्च न्यायालय द्वारा हालांकि उनकी बर्खास्तगी पर रोक लगाने के आदेश के बावजूद उन्हें आमंत्रित किये जाने की संभावना नहीं है। बैठक के एजेंडे में एक विषय का उल्लेख है, 'महासचिव के पद से डॉ. शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी और सेवा समाप्ति। नहीं, मुझे एआईएफएफ की मंगलवार की कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।'

### हॉकी5 महिला विश्व कप में उपविजेता रही टीम इंडिया



**मस्कट।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए ज्योति छत्री ने 20वें और रुतुजा दादासो पिसाल ने 23वें मिनट में गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने (दूसरा और 14वां मिनट), बेंते वान डेर वेल्ट (चौथा और आठवां), लाना काल्से (11वां और 27वां) और सोशा बेनिंगा (13वां मिनट) ने गोल किए। एफआईएच हॉकी5 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को तीन लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ लाख रुपए पुरस्कार देने का ऐलान किया है।

### ईस्ट बंगाल बना सुपर कप चैम्पियन

**भुवनेश्वर।** कोलकाता का मशहूर क्लब ईस्ट बंगाल क्लेटन सिल्वा के निर्णायक गोल की बदौलत रविवार को यहां रोमांचक फाइनल में ओडिशा एफसी पर 3-2 की जीत से सुपर कप चैम्पियन बना। दोनों टीम को गोल करने के कई मौके मिले लेकिन नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ के अंत में भी दोनों बराबरी पर थीं। ब्रोजील के क्लेटन ने 111वें मिनट में ईस्ट बंगाल के लिए विजयी गोल दागा जिससे टीम के खिलाड़ी खुशी से झूमने लगे और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को सदमा लगा। क्लेटन ने ओडिशा के गोलकीपर की गलती का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण मौके पर बायें पैर से शॉट लगाकर गोल किया। ओडिशा एफसी ने फिर बचे हुए समय में बराबरी हासिल करने की कोशिश की लेकिन ईस्ट बंगाल का डिफेंस दमदार रहा।

---

**टेस्ट : ओली पोप ने बनाए 196 रन, हार्टले ने झटके 7 विकेट**

# हार्टले ने डेब्यू मैच में भारत को किया 'हर्ट' इंग्लैंड ने 28 रन से दर्ज की यादगार जीत

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ओली पोप (196 रन) के जोशीले शतक के बाद पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले (62 रन देकर सात विकेट) ने जादुई स्पैल डाला। इससे इंग्लैंड ने रविवार को यहां पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन हार्टले की फिरकी के जाल में फंसकर मेजबान टीम चौथे दिन दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का रवैया पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों अनुभवी स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई जिसे कुल मिलाकर केवल तीन अंतरराष्ट्रीय मैच का अनुभव है।



### हैदराबाद में पहली हार

साथ ही हैदराबाद के इस मैदान पर भारतीय टीम की यह टेस्ट इतिहास में पहली हार है. इस टेस्ट मैच से पहले तक इस मैदान पर भारतीय ने कुल 5 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें से 4 जीते (लगातार) और 1 ड्रॉ (पहला मैच) रहा था। इस तरह हैदराबाद में भारतीय टीम की यह पहली हार है।

### टेस्ट डेब्यू में ही मचाया धमाल

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ बेन स्टोक्स ने टॉम हार्टली का डेब्यू कराया। भारत की पहली पारी में मात्र दो विकेट लेने वाले टॉम हार्टली का खूब मजाक बनाया गया। इसके बाद भारत की दूसरी पारी में कहर बनकर टूटे। हार्टली ने कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, अक्षर पटेल, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को अपना शिकार बनाया। हार्टली ने कुल 9 विकेट चटकाए।

### घर में सबसे शर्मनाक हार

भारत की यह अपने घर में अब तक इतिहास की सबसे शर्मनाक हार है। दरअसल, भारतीय टीम पहली बार अपने घर में पहली पारी में 100 या उससे ज्यादा रनों की बढ़त बनाकर हारी है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहली पारी में 190 रनों की बढ़त बनाई थी।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉली का रोहित बो अश्विन | 31 | 33 | 4 | 1 |
| बेन डकेट बो बुमराह | 47 | 52 | 7 | 0 |
| ओली पोप बो बुमराह | 196 | 278 | 21 | 0 |
| जो रूट पगबाधा बो बुमराह | 02 | 06 | 0 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो जडेजा | 10 | 24 | 1 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 06 | 33 | 0 | 0 |
| बेन फोक्स बो पटेल | 34 | 81 | 2 | 0 |
| रेहान का भरत बो बुमराह | 28 | 53 | 3 | 0 |
| टॉम हार्टली बो अश्विन | 34 | 52 | 4 | 0 |
| वुड का भरत बो जडेजा | 00 | 07 | 0 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 32, कुल : 102.1 ओवर में 420/10
गेंदबाजी : बुमराह 16.1-4-41-4, अश्विन 29-4-126-3, पटेल 16-2-74-1, जडेजा 34-1-131-2, सिराज 7-1-22-0

| भारत दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा बो हार्टले | 39 | 58 | 7 | 0 |
| यशस्वी का पोप बो हार्टले | 15 | 35 | 2 | 0 |
| शुभमन का पोप बो हार्टले | 00 | 02 | 0 | 0 |
| राहुल पगबाधा बो रूट | 22 | 48 | 3 | 0 |
| अक्षर का एवं बो हार्टले | 17 | 42 | 3 | 0 |
| श्रेयस अय्यर का रूट बो लीच | 13 | 31 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा रन आउट | 02 | 20 | 0 | 0 |
| श्रीकर भरत बो हार्टले | 28 | 59 | 3 | 0 |
| अश्विन स्ट फोक्स बो हार्टले | 28 | 84 | 2 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 06 | 18 | 0 | 0 |
| सिराज स्ट फोक्स बो हार्टले | 12 | 20 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 20, कुल : 69.2 ओवर में 202/10
गेंदबाजी : रूट 19-3-41-1, मार्क वुड 8-1-15-0, टॉम हार्टले 26.2-5-62-7, लीच 10-1-33-1, रेहान अहमद 6-0-33-0

---

# हॉकी : भारत की 1-5 की हार से दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म




एजेंसी ▶▶ केपटाउन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को यहां नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने 39वें मिनट में किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन (10वें और 28वें) ने दो गोल दागे जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प (16वें), जेप होडरमेकर्स (21वें) और कोएन बिजेन (35वें) ने एक एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया।

फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया। अंतिम 15 मिनट में कोई गोल नहीं हुआ।

## भारत ने हॉकी फाइव्स विश्व कप में स्विट्जरलैंड को हराया

**मस्कट।** भारत ने रविवार को यहां हॉकी फाइव्स पुरुष विश्व कप के पूल बी मैच में स्विट्जरलैंड पर 9-1 की जीत से शुरूआत की लेकिन अगले मुकाबले में मिस्त्र से 6-8 से हार गया। भारत और स्विट्जरलैंड के बीच मैच में शुरू में दोनों टीम आक्रामक दिखीं। कई प्रयासों के बाद भारत ने मोहम्मद रहील (छठे, 12वें), मंदीप मोर (11वें, 15वें) के गोल से पहले हाफ में 4-0 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में भारत ने गेंद पर कब्जा बनाये रखने की रणनीति पर काम किया जो उसके लिए फलदायी साबित हुई। मनिंदर सिंह ने 19वें, 22वें, 26वें और 28वें मिनट में चार गोल दाग दिये। रहील (28वें) ने फिर अपनी हैट्रिक पूरी की। स्विट्जरलैंड के लिए एकमात्र गोल कप्तान गेल विस चोडट ने 24वें मिनट में दागा। दिन के दूसरे मैच में भारत ने पवन राजभर (तीसरे) की बदौलत शुरू में बढ़त बनायी लेकिन मिस्त्र ने होसोलदिन (पांचवें, नौवें) ने दो गोल किये। अहमद एलगानेनी (सातवें) और आम्र सईद (12वें) ने गोल कर अपनी टीम की बढ़त में इजाफा किया। मोहम्मद (14वें) ने भारत के लिए अंतर कम किया। लेकिन अहमद एलनागर (15वें,19वें) ने दो गोल दाग दिये जबकि अमिर सैयद (18वें) और अहमद एलगानेनी (25वें) ने मैच में अपने दूसरे गोल से मिस्त्र की बढ़त बढ़ाई।

---

**जोसेफ को 7 विकेट**

# वेस्टइंडीज ने 27 साल बाद आस्ट्रेलिया को दी शिकस्त




एजेंसी ▶▶ ब्रिसबेन

शामार जोसेफ के सात विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर सात विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे।

■ स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर रहे नाबाद

### दो मैचों की सीरीज, 1-1 से बराबर



एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 वर्ष के जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। वाका पर 1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता है। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 311 और दूसरी पारी में 193 रन बनाए थे। मेजबान कंगारुओं ने 289 और दूसरी पारी में 207 रन ही बना सके।

---

# कोहली कभी नहीं गए एनसीए : रोहित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि विराट कोहली ने शायद ही कभी फिटनेस से संबंधित रिहैबिलिटेशन के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कदम रखा हो। रोहित ने उभरते हुए खिलाड़ियों को इस दिग्गज बल्लेबाज की 'खेल में सुधार और फिटनेस के लिए मेहनत' का पालन करने की सलाह दी।

■ भारतीय कप्तान रोहित ने उभरते हुए खिलाड़ियों को किया प्रेरित

रोहित ने 'जियो सिनेमा' पर भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक से कहा, 'विराट कोहली अपने पूरे करियर में कभी भी एनसीए नहीं गए। मैं कहूंगा कि सभी युवा खिलाड़ियों को उनके जुनून से सीखना चाहिए। उसके कवर ड्राइव, फ्लिक और कट जैसे शॉट का अनुसरण करने से पहले आपको यह समझना होगा कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता क्या है जो उसे आज इस मुकाम पर पहुंचाती है। मैंने कोहली को काफी देखा है। उसने जो हासिल किया है उससे वह आसानी से संतुष्ट हो सकता है। वह कह सकते हैं कि मैं इन दो-तीन श्रृंखलाओं में आराम करूंगा, लेकिन वह हमेशा टीम के लिए मौजूद हैं।'



---


**पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण टीम से लिया था आराम**

# फिट दीपक चाहर की निगाहें टी20 विश्व कप पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर व्यक्तिगत तौर पर चुनौतीपूर्ण दौर के कारण कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाए लेकिन अब वह वापसी को तैयार हैं और उनकी निगाहें इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हुई हैं।

पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण वह दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे और फिर इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। चाहर ने कहा, 'मैं अपने पिता की वजह से ही यहां हूं, जो भी मैंने हासिल किया है वो अपने पिता की वजह से ही हासिल किया। इस हालत में अगर उनके पास नहीं हूं तो मैं कैसा बेटा हूं? अगर यह श्रृंखला भारत में होती तो मैं निश्चित रूप से खेलने की कोशिश करता क्योंकि अगर जरूरत होती तो मैं चार-पांच घंटे में अस्पताल पहुंच सकता था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो तीन दिन वापस आने में लगते। तो मेरे लिए आसान फैसला अपने पिता के साथ रहने का था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा। मैं 25 दिन तक अपने पिता के साथ अस्पताल में था। वह आगरा में नहीं अलीगढ़ में थे। हम सभी को उनके साथ वहीं रूकना था। मैं बस कुछ व्यायाम ही कर पाता था। मैं कोई भी क्रिकेट गतिविधि नहीं कर रहा था इसलिए मैं अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए तैयार नहीं था।'





### एनसीए में किया अभ्यास

चाहर ने कहा, 'मैंने एक महीने से अभ्यास नहीं किया था। मैं एनसीए गया और अभ्यास शुरू किया। मैं अब पूरी तरह फिट हूं। सब ठीक है और मैंने आईपीएल और विश्व कप के लिए कड़ी ट्रेनिंग की है। मैं चोटों के कारण दो टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाया। अगर मैं पूरी तरह फिट होता तो मैं विश्व कप टीम का भी हिस्सा होता। किसी भी टीम संयोजन में हमेशा ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है तो जो सातवें, आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सके। मैंने ऐसा किया है और भारतीय टीम के लिए रन बनाए हैं।'




## खबर संक्षेप

### पाक ने चीन से फिर मांगे 2 अरब डॉलर



**इस्लामाबाद।** आर्थिक रूप से तंगी का सामना कर रहे पाकिस्तान ने अपने करीबी सहयोगी चीन से मदद की गुहार लगाई है। पाकिस्तान ने चीन से 2 अरब डॉलर की सहायता मांगी है। इसके लिए पाकिस्तान के कार्यवाहक पीएम काकर ने अपने चीनी समकक्ष को चिट्ठी लिख कर्ज चुकाने से जुड़ी अपील की है। पाक पीएम ने अनुरोध किया है कि कर्ज की राशि लौटाने की अवधि 23 मार्च को पूरी होने वाली है, जिसे आगे बढ़ा दिया जाए। काकर ने पत्र में चीन द्वारा पाकिस्तान की मदद को लेकर आभार जताया है।

### पाकिस्तान में 11 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



**करांची।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों से ईएसआईएस, अल-कायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 11 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दावा किया कि उसने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। इन आतंकवादियों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का प्रमुख कमांडर मुहम्मद इजाज भी शामिल है, जिसने अफगानिस्तान में आतंकवाद का प्रशिक्षण लिया था। उसे पंजाब के बहावलपुर जिले से पकड़ा गया।

### अदन की खाड़ी से गुजर रहे जहाज पर 22 भारतीय भी थे सवार

# हूतियों ने ब्रिटेन के तेल टैंकर पर बोला हमला, भारतीय नौसेना ने बुझाई आग

**अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे यमन के हूती विद्रोही**

**खास बातें**
- हूतियों ने एक बार फिर एक व्यापारिक जहाज को निशाना बनाया
- आईएनएस ने जहाज मार्लिन लुआंडा से एसओएस कॉल का जवाब दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोत की अग्निशमन टीम ने अदन की खाड़ी में एक मिसाइल से हमला होने के बाद शनिवार रात एक व्यापारिक जहाज में लगी भीषण आग को बुझाया। मिसाइल से निशाना बनाए जाने के बाद आईएनएस विशाखापत्तनम ने व्यापारिक जहाज मार्लिन लुआंडा से एसओएस कॉल का जवाब दिया। तेल टैंकर में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक सवार थे। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि 10 अग्निशमन कर्मियों की एक टीम ने 6 घंटे के बाद आग पर काबू पाया। एनबीसीडी टीम ने ब्रिटिश जहाज के क्रू के साथ मिलकर आग को बुझा लिया और सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। नौसेना ने व्यापारी जहाज के कप्तान का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें वह एसओएस कॉल का जवाब देने के लिए युद्धपोत के कर्मियों को धन्यवाद दे रहा है।



*इंडियन नेवी ने अदन की खाड़ी में एक व्यापारिक जहाज में लगी भीषण आग बुझाई है। दरअसल शनिवार को एक व्यापारिक जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया था।*

**»10 अग्निशमन कर्मियों की टीम ने 6 घंटे में आग पर पाया काबू**

**»भारतीय सेना ने सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया**

### हुती बड़ा रहे तनाव

*यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से एक बार फिर जोरदार हमला किया गया था। आतंकियों ने एक तेल टैंकर पर मिसाइल से हमला किया। इसके कारण तेल टैंकर में आग लग गई। सिग्नल मिलते ही इंडियन नेवी के मिसाइल डेस्ट्रॉयर आईएनएस विशाखापत्तनम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी लोगों को बचा लिया। नेवी ने बताया कि 26 जनवरी की रात में ऑयल टैंकर से डिस्ट्रेस कॉल मिलते ही अदन की खाड़ी में मौजूद हमारे गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉय आईएनएस विशाखापत्तनम ने रिस्पॉन्स दिया और घटनास्थल की तरफ रवाना हो गया।*

### ईरान सीमा पर 9 पाक नागरिकों की हत्या

ईरान के दक्षिण-पूर्व इलाके में शनिवार को सीमा पर अज्ञात बंदूकधारियों ने 9 पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। गोलीबारी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में सारावन शहर के पास एक घर में हुई। ईरान में पाकिस्तान के राजदूत ने घटना की पुष्टि करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। इस बीच बलोच लोगों की तरफ से 'हलवाश' ग्रुप ने पीड़ितों की ऑनलाइन तस्वीरें साझा की हैं।

### मालदीव की संसद में हाथापाई स्पीकर के साथ बदसलूकी



*माले। मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की तानाशाही शुरू होने से राजनीतिक गतिरोध तेज हो गया है। विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के मंत्रिमंडल के 4 सदस्यों की मंजूरी रोक दी है। इस घटना के बाद मुइज्जू सरकार ने विपक्षी दलों को संसद में घुसने से रोक दिया है। रविवार को दोपहर 1 बजे संसद में मतदान होना था। इस दौरान सत्ताधारी पार्टी के सांसदों ने सदन में ताला भी लगा दिया और कार्यवाही रोकने की कोशिश करते हुए वोटिंग कार्ड भी छीन लिये।*

### मुस्लिम बाहुल्य है पड़ोसी मुल्क

# इंडोनेशिया में भगवान गणेश और गरुण का दबदबा कायम







एजेंसी ▶▶ जकार्ता

भारत का पड़ोसी, इंडोनेशिया दुनिया का सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला देश है। यहां की कुल आबादी में करीब 87 फ़ीसदी मुसलमान हैं और इनकी संख्या करीब 23 करोड़ के आसपास है। इंडोनेशिया भले ही सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश हो और इस्लाम को मानता हो, लेकिन लंबे वक्त तक हिंदुओं के आराध्य भगवान गणेश ने इस देश को 'सहारा' दिया। भगवान गरुण का दबदबा तो आज भी है। इंडोनेशिया की करेंसी को 'रुपैया' के नाम से जाना जाता है और 20 हजार की करेंसी पर भगवान गणेश की तस्वीर छाप चुका है।

### 2018 तक करेंसी का रहा चलन

हालांकि इंडोनेशिया, अब भगवान गणेश की तस्वीर वाली करेंसी छापना बंद कर चुका है। साल 2008 में आखिरी बार इस करेंसी की छपाई हुई थी, लेकिन ये नोट 2018 तक चलन में थे। वहीं सरकारी विमान कंपनी का नाम 'गरुण एयरलाइंस' है। यहां की सरकारी विमानन कंपनी का नाम पवित्र गरुड़ पक्षी के नाम पर रखा गया।

### इंडोनेशिया में 1.69 फीसदी हिंदू आबादी

*इंडोनेशिया में करीब 1.69 फीसदी हिंदू आबादी भी रहती है। जिसमें से लगभग 90 फ़ीसदी आबादी अकेले बाली में रहती है। देश में कुल 87.02% मुसलमान (जिसमें 99 फीसदी सुन्नी), 7.43% ईसाई, 1.69% हिंदू, .073% बौद्ध और बाकी अन्य धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। 2030 तक इंडोनेशिया को पीछे छोड़ते हुए पाकिस्तान सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश बन जाएगा।*




### तैरता हुआ वंडरलैंड

# समुद्र की सात दिवसीय यात्रा पर निकला दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज

एजेंसी ▶▶ फ़िनलैंड




दुनिया की सबसे बड़ी क्रूज शिप शनिवार को अपनी पहली यात्रा पर रवाना हो चुकी है। रॉयल कैरेबियन ग्रुप की आइकॉन ऑफ द सीज नाम का ये क्रूज शिप मियामी से निकली। इस क्रूज को फ़िनलैंड के तुर्कू में एक शिपयार्ड में बनाया गया है। इसे बनाने में 900 दिन लगे हैं। इस क्रूज शिप की लंबाई 365 मीटर है जो कि एफिल टॉवर से भी अधिक है। इसमें 20 डेक हैं और इसमें एक साथ 7,600 से अधिक यात्री सवार हो सकते हैं। इस रॉयल क्रूज की कीमत 2 बिलियन डॉलर बताई गई है। यह सात दिन की यात्रा करेगी। शिप की मालिक रॉयल कैरिबियन का दावा है इस जहाज़ पर लोगों को वो अनुभव मिलेगा, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की है।

### शिप में 7 स्वीमिंग पूल

शिप में 7 स्वीमिंग पूल हैं जिसमें 40 हजार गैलन पानी भरा है। 6 वाटरस्लाइड, एक हिंडोला है। यहां समुद्र में सबसे बड़ा बर्फ का मैदान है। 40 से अधिक रेस्तरां और बार हैं। मनोरंजन के लिए 50 संगीतकारों और हास्य कलाकारों के साथ-साथ ऑर्केस्ट्रा भी है। शिप में सेंट्रल पर्क नाम का एक छोटा बगीचा भी है, जिसमें असली पेड़-पौधे लगे हैं। पार्क के ऊपर तैराक की मूर्ति गी है। पर्यावरणवादी इस शिप का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि एलएनजी से चलने वाली ये शिप समुद्र में भारी मात्रा में मिथेन उत्सर्जित करेगी। निर्माताओं ने कहा कि एलएनजी का इस्तेमाल होता है जो कि कम प्रदूषण फैलाता है।

### बेहोश होकर गिरे पैट्रिक को तत्काल दी सीपीआर

# एसआई की सूझबूझ से बची जान



*नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर की सूझबूझ से फ्रेंच मूल के 63 वर्षीय बर्ट्रेंड पैट्रिक की जान बच गई। वे एयरपोर्ट करीब 11:40 बजे बर्ट्रेंड पैट्रिक सुरक्षा जांच के लिए लाइन में खड़े थे, तभी उन्हें हार्ट अटेक आ गया और वे गिर गए। एक्स-रे मशीन पर तैनात सीआईएसएफ के सब-इंस्पेक्टर पुनीत तिवारी ने तत्काल पैट्रिक को सीपीआर दी। डॉक्टर भी पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद बर्ट्रेंड पैट्रिक को पूरी तरह से होश आ गया।*




### पाक में चुनाव प्रचार जोरों पर, नवाज को सत्ता में वापसी की उम्मीद

# शरीफ ने घोषणा पत्र में भारत से किया शांति बहाल करने का वादा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। इसको लेकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने घोषणापत्र जारी किया है, जिसमें पाक की अर्थव्यवस्था को बहाल करने, भारत के साथ शांति को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और आतंकवाद को लेकर शून्य-सहिष्णुता का रुख अपनाने का वादा किया है। लेकिन, सवाल ये उठ रहे हैं, कि क्या नवाज शरीफ की बातों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भरोसा करेंगे?

### नवाज के बुलावे पर पीएम मोदी गए थे पाक

वहीं, नवाज शरीफ के एक बुलावे पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तान भी गए थे और दोनों नेताओं के बीच संबंध दोस्ताना भी हो गए थे, लिहाजा अब जबकि उनका सत्ता में आना तय माना जा रहा है। चुनाव से करीब दो हफ्ते पहले नवाज शरीफ की घोषणापत्र में भारत के साथ शांति बहाल करने की बात कही गई है, जो यकीनन बहादुरी भरा कदम है। लेकिन शर्त ये रखी गई है कि भारत को 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर में 370 हटाने के फैसले को बदलना होगा। इस पर नई दिल्ली ने पाक से कहा है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अविभाज्य और अभिन्न अंग है। 2019 में भारत की संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया था, पूरी तरह से भारत के साथ-साथ इसके संविधान का मामला है।



### भारत से दोस्ती करना चाहते हैं नवाज

एक्सपर्ट्स का मानना है, कि नवाज शरीफ की कोशिश देश की अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाना है और इसके लिए भारत से कारोबार शुरू करना ही पहला और आखिरी विकल्प होगा। पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा ने कई बार सार्वजनिक तौर पर भारत से अच्छे संबंध बनाने की वकालत की। बाजवा चाहते थे कि भारत के साथ कारोबार बढ़ाया जाए, ताकि पाक आर्थिक संकट से बाहर निकले, लेकिन इमरान खान से उनके मतभेद की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। जनरल बाजवा के कार्यकाल के दौरान भारत और पाक के बीच सीमा पर संघर्षविराम समझौता हुआ था। करीब 4 साल हो गए हैं, जब भारत और पाकिस्तान की सीमा पर सैन्य स्तर पर करीब करीब शांति है। दोनों तरफ से गोलीबारी बंद है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109